भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 300 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार 25 अक्टूबर 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस हजार वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## छत्तीसगढ़ में मंच पर दिखा कांग्रेस का झगड़ा, सिंहदेव समर्थक को यूं धक्के मारकर हटाया

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस में गुटबाजी किस स्तर तक पहुंच चुकी है, यह रविवार को पार्टी के एक कार्यक्रम में दिखा। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री बनने के इच्छुक टीएस सिंह देव के समर्थक नेता को सीएम भूपेश बघेल के समर्थकों ने मंच से धक्के मार कर हटा दिया। जशपुर में हुई इस घटना का वीडियो अब वायरल हो रहा है। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक सम्मेलन चल रहा था। मंच पर जशपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष पवन अग्रवाल भाषण दे रहे थे। सबकुछ ठीक-ठाक चल रहा था। लेकिन जैसे ही उन्होंने टीएस सिंह देव के समर्थन में बात रखनी शुरू की, मामला बिगड़ गई। बघेल के समर्थक नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें भाषण देने से रोक दिया और धक्के मारकर हटाने लगे।

# दिवाली पर जगाएं वोकल फॉर लोकल की अलख, स्वदेशी चीजें ही खरीदें : पीएम मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में उन हेल्थवर्कर्स का आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने वैक्सीनेशन के अभियान को ऊंचाई दी है। उन्होंने कहा कि आज देश में टीकाकरण 1 अरब के पार पहुंच गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने में देश के हेल्थवर्कर्स ने बड़ा योगदान दिया है और इसके लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है।



पीएम नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 82वें संस्करण में भारत की महिला शक्ति की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाओं ने संयुक्त राष्ट्र की ताकत और प्रभाव को बढ़ाने का काम किया है। बता दें कि हाल ही में महिला राजनयिकों ने संयुक्त राष्ट्र में चीन और पाकिस्तान को करारा जवाब दिया था। पीएम मोदी ने इस मौके पर 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर तीन प्रतियोगिताएं कराने का भी ऐलान किया। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा को भी याद किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम सभी को किसी न किसी ऐसी गतिविधि से जुड़ना चाहिए, जिससे देश की एकता मजबूत हो। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर रंगोली कंपीटिशन कराने का भी ऐलान किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर कहा कि आज हमारा देश तकनीकी के मामले में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। ड्रोन

### 'मन की बात'

तकनीक का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसके जरिए हम तमाम काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमने ड्रोन तकनीक के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए इसकी लाइसेंसिंग की प्रक्रिया को आसान किया है। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान का भी जिक्र किया और कहा कि हमें दिवाली पर स्वच्छता के दौरान अपने घर ही नहीं बल्कि पास-पड़ोस की सफाई की भी चिंता करनी है। उन्होंने कहा कि हमें इस अभियान के तहत यह संकल्प भी लेना है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करना है।

त्योहारी सीजन का जिक्र करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम त्योहारों पर खरीददारी करने जा रहे हैं। इस दौरान हमें वोकल फॉर लोकल का ख्याल रखना है। उन्होंने कहा कि हमें त्याहारों पर यह ध्यान रखना है कि भारत में बने सामान की ही खरीदें। उन्होंने कहा कि यदि हम किसी गरीब से कुछ अच्छा सामान खरीदते हैं तो उसे सोशल मीडिया पर भी शेयर करें। इससे लोगों को स्वदेशी चीजों को खरीदने की प्रेरणा मिलेगी।

## खुदकुशी पर मिल सकती है बीमा की रकम सुप्रीम कोर्ट इंश्योरेंस कंपनी की अपील पर सुनवाई को राजी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट एक बीमा कंपनी की उस अपील पर सुनवाई करने के लिए राजी हो गया है जिसमें उसने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के एक आदेश को चुनौती दी है। एनसीडीआरसी ने उसे एक महिला को 13.48 लाख रुपये देने का निर्देश दिया था जिसके पति ने आत्महत्या कर ली थी। रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने दावे को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह बीमा नीति के दायरे से बाहर है। एनसीडीआरसी के आदेश पर रोक लगाते हुए जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ और जस्टिस बी.वी. नागरत्न की बेंच ने बीमा कंपनी के ब्रांच मैनेजर की ओर से दायर अपील पर महिला को नोटिस जारी किया।बेंच ने 20



अक्टूबर के अपने आदेश में कहा कि नोटिस जारी किया जाता है, जिस पर आठ हफ्तों के भीतर जवाब आना चाहिए। राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के आदेश पर रोक रहेगी।बीमा कंपनी की ओर से पेश हुए वकील ने बेंच के समक्ष कहा कि बीमा नीति की धारा 9 और धारा 12 की सामान्य शर्तों में कुछ चीजों के बाहर रहने के मद्देनजर नीति शुरू होने की तारीख से 12 महीनों के भीतर किसी बीमाधारक द्वारा आत्महत्या करने पर कोई धनराशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।

# 'कहीं चुनाव हो तो पेट्रोल-डीजल पर राहत मिले', राहुल गांधी ने ''टैक्स डकैती'' का आरोप लगाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने ईंधन की बढ़ती कीमतों को लेकर रविवार को केंद्र पर निशाना साधा। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पेट्रोल की कीमतों पर ''टैक्स डकैती'' बढ़ रही है और अगर कहीं चुनाव होते हैं तो इससे कुछ राहत मिल जाएगी।कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने जनता को 'कष्ट' देने के रिकॉर्ड बनाए हैं। कांग्रेस महासचिव ने ट्विटर पर एक मीडिया रिपोर्ट को टैग किया जिसमें कहा गया है कि इस साल पेट्रोल की कीमतों में रिकॉर्ड 23.53 रुपये की वृद्धि हुई है।



प्रियंका गांधी ने एक ट्वीट में कहा, ''मोदी जी की सरकार ने जनता को कष्ट देने के मामले में बड़े-बड़े रिकॉर्ड बनाए हैं। सबसे ज्यादा बेरोजगारी : मोदी सरकार में, सरकारी संपत्तियां बिक रहीं : मोदी सरकार में, पेट्रोल की कीमतें एक साल में सबसे ज्यादा बढ़ीं : मोदी सरकार में। वहीं राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया, ''पेट्रोल दामों पर टैक्स डकैती बढ़ती जा रही है। कहीं चुनाव हों तो थोड़ी रोक लगे।'' उन्होंने अपने ट्वीट के साथ हैशटैग 'टैक्स एक्सटॉर्शन' का इस्तेमाल किया। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने भी प्रियंका गांधी द्वारा साझा की गई उसी मीडिया रिपोर्ट को टैग करते हुए ''अच्छे दिन'' का नारा ट्वीट कर केंद्र सरकार पर कटाक्ष किया।


रविवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार पांचवें दिन 35 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई, जिससे देश भर में पेट्रोल पंप पर ईंधन की दरें नयी ऊंचाई पर पहुंच गई। सरकार के स्वामित्व वाली ईंधन विपणन कंपनियों के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 107.59 रुपये प्रति लीटर और मुंबई में 113.46 रुपये प्रति लीटर हो गई जो अब तक का उच्चतम स्तर है। मुंबई में डीजल अब 104.38 रुपये प्रति लीटर है, जबकि दिल्ली में इसकी कीमत 96.32 रुपये प्रति लीटर है।

## 'मोदी का बिचौलिया बन रही है ममता बनर्जी', कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी बोले- बीजेपी संग डील

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 लोकसभा चुनाव में विपक्ष की अगुआई को लेकर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस में चल रही रस्साकस्सी अब झगड़े में बदल चुकी है। दोनों ही पार्टियों के नेता एक दूसरे पर जमकर बरस रहे हैं। अब कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा है कि ममता बनर्जी बीजेपी को फायदा पहुंचा रही हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि ममता बनर्जी मोदी का बिचौलिया बन रही हैं। कांग्रेस पर ममता की ओर से निशाना साधे जाने से नाराज अधीर रंजन चौधरी ने कहा, ''कांग्रेस का विरोध करके ममता बनर्जी बीजेपी की मदद कर रही हैं। वह पीएम मोदी की बिचौलिया बन रही हैं। लगता है दोनों में समझौता हो गया है कि 'दिल्ली आपका और कोलकाता मेरा।


# जम्मू-कश्मीरः पुंछ में एनकाउंटर जारी, एक पाकिस्तानी आतंकी ढेर, तीन जवान घायल

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में छिपे आतंकवादियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान के 14वें दिन रविवार को एक जंगल के अंदर भारतीय सेना और पुलिस के संयुक्त तलाशी दल पर आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। इस मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी आतंकवादी को ढेर कर दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार पाकिस्तानी आतंकवादी, जिया मुस्तफा मुठभेड़ स्थल पर घायल हो गया था। हालांकि, बाद में आंतकी की मौत हो गई। उसे भाटा डूरियन जंगल में एक ठिकाने की पहचान करने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा ले जाया गया था।



उन्होंने कहा, ङ्कतलाशी के दौरान जब टीम ठिकाने के पास पहुंची, तो आतंकवादियों ने गोलियां चला दीं। इसमें दो पुलिसकर्मी और सेना का एक जवान घायल हो गया। मुस्तफा को भी चोटें आईं। भारी गोलीबारी के कारण उसे घटनास्थल से नहीं निकाला जा सका। मुस्तफा लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी है।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के रावलकोट का रहने वाला मुस्तफा पिछले 14 साल से जम्मू की कोट भलवाल जेल में बंद था और जांच में छिपे हुए आतंकवादियों के साथ उसके संबंध का खुलासा होने के बाद उसे पुलिस रिमांड पर मेंढर स्थानांतरित कर दिया गया था। समाचार एजेंसी पीटीआई ने अधिकारियों के हवाले से कहा कि मुस्तफा दक्षिण कश्मीर से गिरफ्तार होने से पहले उसी रास्ते से जम्मू-कश्मीर में घुस गया था।



## चीन के पास दलाई लामा के चयन का अधिकार नहींः तवांग मठ प्रमुख

**तवांग (एजेंसी)।** अगले दलाई लामा को चुनने में शामिल होने का चीन के पास कोई अधिकार नहीं है, खासकर इसलिए भी क्योंकि चीनी सरकार धर्म में विश्वास नहीं करती है। उत्तराधिकारी का चयन पूरी तरह से तिब्बती समाज के लोगों का एक आध्यात्मिक मामला है। ये शब्द अरुणाचल प्रदेश में तवांग मठ के प्रमुख ग्यांगबंग रिनपोछे ने कहे। अरुणाचल प्रदेश में 350 साल पुराने मठ के मठाधीश ग्यांगबंग रिनपोछे ने कहा कि चीन की विस्तारवाद की नीति का मुकाबला करना महत्वपूर्ण है और भारत को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए। एक रिपोर्ट के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश में स्थित 350 साल पुराना तवांग मठ दुनिया का दूसरे सबसे बड़ा मठ है। मठ के प्रमुख ग्यांगबंग रिनपोछे ने कहा कि केवल वर्तमान दलाई लामा और तिब्बती लोगों को ही तिब्बती आध्यात्मिक नेता के उत्तराधिकार के बारे में निणर्य लेने का अधिकार है। उन्होंने कहा, ठचीनी सरकार धर्म में विश्वास नहीं करती है। जो सरकार धर्म में विश्वास नहीं करती है वह अगले दलाई लामा का फैसला कैसे कर सकती है। उत्तराधिकार योजना धर्म और आस्था का मामला है। यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। केवल वर्तमान दलाई लामा और उनके अनुयायियों को ही इस मुद्दे पर निणर्य लेने का अधिकार है। रिनपोछे ने कहा कि तिब्बती लोग दलाई लामा चयन पर चीन के किसी भी फैसले को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। चीन का इस प्रक्रिया में शामिल होने के पीछे का कारण तिब्बती विरासत को कब्जा करने और तिब्बती लोगों पर नियंत्रण रखना है। उन्होंने कहा, चीन तिब्बत को नियंत्रित कर रहा है। अधिकारी बाहर के लोगों को तिब्बतियों से मिलने तक की अनुमति नहीं देते हैं। बहुत सारे प्रतिबंध हैं। यह महत्वपूर्ण है कि भारत जैसे देश तिब्बतियों का समर्थन करें।

## पीएम मोदी ने कृषि व्यवस्था को शासन का एजेंडा बनायाः मुख्यमंत्री योगी

**गोरखपुर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रकृति एवं परमात्मा की कृपा से प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है लेकिन उन संसाधनों का उपयोग करने का प्रयास नहीं हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2014 में सरकार आई तो शासन की योजनाओं को राजनीतिक कारणों या वोट बैंक की राजनीति में कैद होने की बजाय भारतीय दृष्टिकोण देकर उसे गांव, गरीब, किसान, महिला आधारित बनाया। आज उत्तर प्रदेश देश की दूसरी कृषि आधारित अर्थव्यस्था है। 2014 के पहले देश का अनन्दाता किसान आत्महत्या करने को मजबूर था लेकिन आज शासन की योजनाओं से जुड़ अपनी उपज का डेढ से दो गुना मूल्य पा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को योगीराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह एवं संस्कृत केंद्र में नाबार्ड की राज्य ऋण संगोष्ठी 2022-23 एवं ग्रामीण समृद्धि सम्मान समारोह 2021 को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने नाबार्ड के स्टेट फोकस पेपर 2022-23 और उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में नाबार्ड के गौरवमयी चार दशक शीर्षक की कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब पूरी दुनिया महामारी से जूझ रही थी तब प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के बड़े लक्ष्य को ध्यान में रख कर एक लाख करोड़ रुपये का कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर का मद बना 10 हजार कृषक उत्पादक



संगठन (एफपीओ) गठन का लक्ष्य तय किया। उत्तर प्रदेश एक हजार एफपीओ के गठन के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने नाबार्ड और बैंकों का आह्वान किया कि वे ग्रामीण स्तर पर डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दें। किसानों को उसके लिए शिक्षित करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि डिजिटल लेन देन बढ़ेगा तो भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगा। कार्यक्रम में गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, बलिया, फैजाबाद अयोध्या एवं आजमगढ़ समेत 11 जिलों के 1100 किसान और समूह की महिलाएं शामिल हुए। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं की भूमिका उल्लेखनीय बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 52 लाख महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के जरिये इस मिशन से जुड़ी हैं। अगले तीन माह में इस संख्या को एक करोड़ पहुंचाने का लक्ष्य है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना काल से लेकर अब तक मौजूदा सरकार में आजीविका मिशन की ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें सम्मान भरा जीवन देने में बड़ी भूमिका निभाई है।

# किसानों का माफ किया गया 36 हजार करोड़ का कर्ज : स्मृति ईरानी



**लखनऊ (एजेंसी)।** प्रदेश भाजपा विदेश संपर्क विभाग के आनलाइन संवाद में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली यूपी की सरकार किसान हितों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। इस सरकार में अब तक 1.44 लाख करोड़ रुपये रिकार्ड गनन मूल्य का भुगतान कराया जा चुका है। 36 हजार करोड़ रुपये से किसानों के कर्जे माफ किए गए हैं। शनिवार की रात को आयोजित इस अप्रवासी संवाद में स्मृति ईरानी ने कहा कि प्रदेश में एमएसपी पर रिकार्ड खरीदारी की गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को 37 हजार करोड़ ट्रांसफर किए गए हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों को 2000 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि की क्षतिपूर्ति कराई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि केंद्र मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार मिलकर भारत को विश्वगुरु बनाने का काम कर रही है।



## यूपी विधानसभा चुनावः इलेक्शन ड्यूटी करने वाले कर्मियों की मौत पर परिजनों को मिलेंगे तीस लाख

**लखनऊ (एजेंसी)।** प्रदेश में अगले साल की शुरूआत में होने जा रहे विधान सभा चुनाव में इलेक्शन ड्यूटी करने वाले कार्मिकों की कोरोना संक्रमण, चुनावी हिंसा, चुनाव ड्यूटी के दौरान दुर्घटना आदि में मृत्यु होने पर उनके परिजनों को तीस लाख रूपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। केन्द्रीय चुनाव आयोग द्वारा पिछले साल कुछ राज्यों में हुए चुनाव के लिए इस बाबत आदेश जारी हुआ था। वही आदेश प्रदेश में होने जा रहे विधान सभा चुनाव में लगने वाले कार्मिकों पर भी लागू माना जाएगा। वर्ष 2020 में हुए विधान सभा उपचुनाव के लिए तत्कालीन विशेष सचिव योगेश्वर राम मिश्र ने पहली अक्तूबर केन्द्रीय चुनाव आयोग के उपरोक्त आदेशों के क्रम में इस बारे में आदेश जारी किया था। इस आदेश में पहली दफा केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवान, बी.ई.एल. और ई.सी.आई.एल. के इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से जुड़े इंजीनियर भी शामिल किये गये थे। चूंकि आयोग ने राज्य में अगले वर्ष होने वाले विधान सभा चुनाव में इलेक्शन ड्यूटी करने वाले कार्मिकों के साथ कोई अनहोनी होने पर परिजनों को तीस लाख रूपये की अनुग्रह राशि देने के पूर्व के आदेश में अब तक कोई बदलाव नहीं किया है इसलिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अफसरों का मानना है कि पहली अक्तूबर 2020 को जारी हुए आदेश का ही अनुपालन किया जाएगा। चूंकि इस बार प्रति पोलिंग बूथ 1500 वोटर के बजाए 1200 वोटर का मानक तय हुआ है इसलिए पोलिंग बूथ और मतदान केन्द्र दोनों बढ़ गये हैं।

## खबर संक्षेप

### कैंप लगाकर किया गया वरासत का समाधान

**सहसों।** ग्राम सभा बेरूई के पंचायत भवन पर रविवार को राजस्व विभाग की तरफ से कैंप लगाया गया। जिसमें ग्राम सभा से संबंधित वरासत समस्याओं का निस्तारण किया गया। मौजूद कानूनगो सूरज पटेल, लेखपाल रमेश त्रिपाठी की ओर से वरासत से संबंधित चार समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान गांव के लोगों को कई वर्षों से चली आ रही समस्या का निदान के लिए जागरूक करने मे लगे रहे। इस मौके पर गांव के भारी संख्या में लोग पहुंचकर वरासत से संबंधित अपनी समस्या का समाधान प्राप्त किए।

### दरवाजे पर खड़ी जेसीबी की बैटरी खोल के गए चोर

**घूरपुर।** गौहनिया में दरवाजे पर खड़ी जेसीबी की बैटरी चोर खोल उड़ा ले गए। पीड़ित ने थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग है। गौहनिया बाजार निवासी मान सिंह पटेल के घर के दरवाजे पर रोजाना की तरह शनिवार रात भी जेसीबी खड़ी थी। शनिवार की रात चोरों ने जेसीबी की बैटरी खोल चोरी कर ले गए। सुबह देखा तो जेसीबी की बैटरी नहीं थी। विगत दो माह पूर्व कमरे का दरवाजा तोड़ बाइक चोरी कर ले गए थे। शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# 22 घंटे तक पूछताछ, पुलिस नहीं उगलवा पाई मास्टरमाइंड का नाम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** एसएससी ग्रेड सी-डी परीक्षा में फजीर्वाड़ा करने के आरोपी भले ही जेल भेज दिए गए हों, लेकिन पुलिस उनसे इस खेल के मास्टरमाइंड का नाम नहीं उगलवा सकी। 22 घंटे की पूछताछ के बाद भी पुलिस यह नहीं पता कर पाई कि इतने बड़े पैमाने पर होने वाले फजीर्वाड़े के पीछे आखिर कौन था। इससे पुलिस की कार्रवाई को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। उल्टा पुलिस अफसर यही कहते रहे कि फिलहाल पकड़े गए आरोपियों के बीच किसी तरह का कोई कनेक्शन सामने नहीं आया है।

जिस तरह से इस फजीर्वाड़े का खुलासा हुआ, उससे आशंका जताई गई कि इस खेल के पीछे किसी बड़े नकल माफिया गिरोह का हाथ है। दरअसल सभी आरोपी एक ही परीक्षा केंद्र पर पकड़े गए। साथ ही एक ही पाली की परीक्षा केदौरान उन्हें पकड़ा गया। इनमें प्रयागराज से लेकर बिहार, चित्रकूट व वाराणसी के भी युवक शामिल हैं। जानकारों का कहना है कि बहुत बड़े पैमाने पर खेल होने के बाद ही इस तरह का फजीर्वाड़ा संभव है। ऐसा न होता तो एक ही परीक्षा केंद्र पर लगभग दो दर्जन युवकों को दूसरे की जगह पर परीक्षा में बैठाया जाना लगभग नामुमकिन है। लेकिन लगभग 22 घंटे की पूछताछ के बाद भी पुलिस ऐसी किसी संभावना से इंकार करती रही। आरोपियों से गहन पूछताछ के बाद भी इस खेल के मास्टरमाइंड का नाम पुलिस नहीं पता कर पाई। हाल यह रहा कि आरोपियों के बीच किसी तरह का कनेक्शन है या नहीं, इस बारे में भी पुलिस के पास कोई जानकारी नहीं है।अब सवाल यह उठता है कि अगर आरोपियों का आपस में कोई कनेक्शन नहीं है तो आखिर सभी एक ही परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने कैसे पहुंच गए। इस मामले में सीओ सिविल लाइंस सुधीर कुमार का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ की गई। लेकिन उन्होंने एक-दूसरे से जान पहचान की बात नकार दी है। फिलहाल किसी गिरोह के बाबत भी जानकारी नहीं मिली है।

### छह घंटे क्यों दबाए रखा गया मामला!

इस मामले में एक और बात सामने आई है कि करीब छह घंटे तक मामला दबाए रखा गया। जिसे लेकर सवाल भी खड़े हो रहे हैं। तीन बजे के करीब पुलिस को मामले की जानकारी मिल गई थी। जिसके कुछ घंटे बाद ही सभी आरोपियों को थाने ले जाया गया। हालांकि रात नौ बजे तक पुलिस कोई जानकारी देने की स्थिति में नहीं थी। रात करीब 10 बजे आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि की गई।

### विश्व कल्याणार्थ हेतु श्री राजराजेश्वरी महाशक्ति पीठ द्वारा श्रीमद् सहस्त्र चण्डी महायज्ञ एवं कलश यात्रा का आयोजन आज

**धनूपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रीमद् जगत गुरु रामानुजाचार्य स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य जी महाराज के सानिध्य में विश्व कल्याणार्थ हेतु श्री राजराजेश्वरी महाशक्ति पीठ चक्रसुदर्शनपुरी धनूपुर प्रांगण में श्रीमद् सहस्त्र चण्डी महायज्ञ का आयोजन किया गया है।कार्यक्रम में कलश यात्रा एवं पंचाग पूजन यज्ञ प्रारंभ 25 अक्टूबर तथा समापन एवं भंडारा 2 नवंबर को होगा।कथावाचक नृसिंह आश्रम दारागंज प्रयागराज के स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज होगें एवं आचार्य अशोक कुमार शुक्ल, आचार्य आद्या प्रसाद तिवारी यज्ञाचार्य होगें तथा उपाचार्य मदन गोपाल मिश्रा, आचार्य अंबुज द्विवेदी होगें। प्रमुख सहयोगियों में आशाराम शुक्ल, मानस भास्कर अनुज महाराज, विवेक शुक्ल, अभिषेक शुक्ल, हर्षहर्षवर्धन शुक्ल, उत्कर्ष शुक्ल, लोलारक मिश्रा, दीपक शुक्ल, नीरज शुक्ल आदि लोग महायज्ञ की तैयारियों में लगे हुए हैं।



करछना रजवहा उफान पर लोगों की डूब रही धान की फसल

# करछना रजबहा का पानी उफान पर डूब रही हैं धान की फसल

अखंड भारत संदेश

**करछना।** क्षेत्र में करछना रजबहा का पानी क्षमता से अधिक छोड़े जाने के कारण नहर की बांह के उपर पानी बह रहा है। जबकि किसानों की खून पसीने की कमाई धान की फसल पककर तैयार है। खेतों में पानी भरे होने के कारण किसान अपने फसल की कटाई नहीं कर पा रहे हैं। ये सब देखते हुए भी नहर विभाग की आंखों पर पट्टी बंधी हुई है। किसानों की समस्या को देखते हुए विभाग के अधिकारियों को नहर को तत्काल करें बंद या पानी का बहाव कम करवा देना चाहिए। नहीं तो किसानों के कोपभाजन का शिकार विभाग को होना पड़ सकता है। बडी संख्या में करछना में किसानों की धान की फसल नहर के पानी से डूब चुकी है किसानों में अफरा तफरी का माहौल है अपनी फसल पानी से बचाने को लेकर ।सप्ताह भर से ज्यादा हो गया है करछना राजबहा में पानी छोडे सैकडों एकड जमीन पर बोई गई धान की फसल बर्बाद हो चुकी है ।किसानों की शिकायतों पर सम्बंधित विभाग नहर के पानी पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता हैं।



### कार्तिक के पहले रविवार को सुजावन देव घाट पर उमड़ा श्रद्धालुओ का रेला

**घूरपुर।** कार्तिक मास में वैसे तो पूरे मास यमुना स्नान करने का विधान है ,लेकिन कार्तिक मास के रविवार को भी यमुना स्नान करने से भक्तों को पुण्य की प्राप्ति होती है ।इसी क्रम में रविवार के दिन अव्यवस्थाओं के बीच सुजावन देव घाट पर पहुंचे हजारों श्रद्धालुओ ने स्नान कर पुण्य प्राप्त किया। क्षेत्र के पौराणिक महत्व को रखने वाले सुजावन देव यमुना घाट पर कार्तिक मास के रविवार के दिन यमुना स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सुबह से ही पहुंची ,दोपहर बाद तक स्नानार्थियों की भीड़ घाट पर यमुना में डुबकी लगाते दिखी । यमुना स्नान करने के बाद भक्तों ने सुजावन देव मंदिर पहुंच भगवान सुजावन देव की भी पूजा अर्चना करते हुए जलाभिषेक किया । मंदिर के अंदर हर हर महादेव के नारे गूंजते रहे। घाट पर यमुना बाढ़ के बाद जलस्तर घटने के बाद फैली कीचड़ में फंसते हुए लोगों ने स्नान किया। घाट पर महिलाओ के वस्त्र बदलने की भी स्थानीय शासन ने कोई व्यवस्था नहीं की थी। जिससे महिलाओ को शर्मसार होना पड़ा। भोर तीन बजे से स्नान को लोग पहुंचने लगते है। लाइट की भी व्यवस्था नहीं थी। सुरक्षा को लेकर एक भी पुलिस कर्मी तैनात नहीं थी।

# लखीमपुर खीरी में शहीद किसानों की अस्थियां प्रयागराज संगम में विसर्जित

**विसर्जन के दौरान संगम तट पर काफी गहमा गहमी रही, विसर्जन में आए किसानों ने किसान नेताओं ने केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी को बर्खास्त करने की मांग की**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** लखीमपुर खीरी में किसान आंदोलन के दौरान गाड़ी चढ़ने से अकाल मृत्यु के शिकार हुए चार किसान और पत्रकार की अस्थियां संगम में प्रवाहित की गईं। इस दौरान संगम तट पर काफी गहमा गहमी रही। विसर्जन के लिए आए किसानों ने किसान नेताओं ने केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी को बर्खास्त करने की मांग की।

प्रयागराज संगम में संयुक्त किसान मोर्चा के द्वारा तीन अक्टूबर 2021 को लखीमपुर खीरी में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी की गाड़ी से कथित तौर हुए हादसे में चार किसान सहित एक पत्रकार की मौत हो गई थी। उन शहीद किसानों की अस्थियों को रविवार को श्रद्धांजलि सभा के बाद संगम में विसर्जित किया गया। दिन में 12 बजे लेटे हनुमान मंदिर के पास सैकड़ों किसान अस्थिकलश के साथ इकट्ठे हुए। शहीद किसानों सहित शहीद पत्रकार की तस्वीरों के साथ लोकतांत्रिक तरीके से कोविड दिशा निर्देश का पालन करते हुए शहीद किसान अमर रहे के नारों के साथ संगम वीआईपी घाट पर पहुंचकर शहीद किसानों की अस्थिकलश को ?खकर श्रद्धांजलि सभा की गई।

श्रद्धांजलि सभा को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए किसानों ने कहा कि जब शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से 11 महीनों से नई दिल्ली की सीमा पर चल रहे किसान आंदोलन को जब दबा नहीं पा रही है तो अब हिंसक रास्ते पर चलते हुए केंद्र सरकार के मंत्री के बेटे गाड़ियों से कुचलकर किसानों की निर्ममता पूर्वक हत्या कर रहे है। मोदी -योगी की सरकार अब संविधान और लोकतंत्र को धीरे धीरे खत्म करती जा रही है।

किसानों की शहादत की भावना ही योगी-मोदी की फांसीवादी तानाशाही निजाम को खत्म कर देगी। किसानों का आंदोलन तीनों काले कानून के खिलाफ तो है ही साथ ही साथ निजीकरण/ निगमीकरण के खिलाफ मेहनतकश आम अवाम की रोजी रोटी बचाने का भी संघर्ष है। यदि तीनों काले कृषि कानून और बिजिली संसोधन 2021 कानून लागू हो जायएगा तो देश पुनः सरमायेदारों का गुलाम हो जाएगा। इसलिए हम लोग किसानों के साथ मजदूरों- छात्रों- नौजवानों की एकता बनाकर संवैधानिक लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने के लिए शहादत देते हुए लगातार संघर्ष कर रहे है तीनों काले कृषि कानून वापस हो, बिजिली बिल 2021 वापस हो, एमएसपी लिखित गारंटी हो।

संयुक्त किसान मोर्चा के अस्थिविसर्जन और श्रद्धांजलि सभा मे मुख्य रूप राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा डॉ आशीष मित्तल, डॉ कमल उसरी, सालिगराम यादव, अविनाश मिश्रा, राम अभिलाष यादव, भूपेंद्र पांडेय, राजू कुशवाहा, संजय यादव, मनीष सिन्हा, राजकुमार पथिक, विनोद निषाद, शांति देवी, स्वाति गांगुली, अखिल विकल्प, सुनील मौर्य, त्रिलोकी पटेल, सेहुड़ा ग्राम प्रधान रज्जन कोल, लाल निषाद, मुन्नी लाल यादव, प्रदीप ओबामा, जन कवि मोहन लाल यादव इत्यादि लोग शामिल रहें, श्रद्धांजलि सभा के बाद दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद अस्थिविसर्जन किया गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता सालिगराम यादव व संचालन डॉ कमल उसरी ने किया।

## न्यूज झरोखा

### भाजपा कार्यकताओं ने पीएम मोदी की सुनी मन की बात



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सहसों में ग्राम चौपाल का कार्यक्रम एवं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम शक्ति केंद्र कसेरूआ खुर्द में मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज के आवास पर किया गया। पीएम मोदी की मन की बात सुनकर भाजपा कार्यकताओं पदाधिकारियों ने खुशी में कहा देश में एक नई क्रांति आ रही है। इस चौपाल के मुख्य वक्ता के रूप में फूलपुर ब्लॉक प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल ने कहा पीएम के मन की बात को सुनकर सब लोग मनन मन्थन करें। उन्होने कहा सरकार गरीबों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आवास योजना ,उज्जवला योजना,पीएम किसान सम्मान योजना,स्वच्छता के घर घर शौचालय आदि का सीधा लाभ लोगो को मिल रहा है। भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा भाजपा सरकार का उद्देश्य सबसे कमजोर, गरीब व्यक्ति का कल्याण कर गरीबी रेखा से ऊपर उठाना है। संचालन पवन कुमार शुक्ला ने किया। इस अवसर पर राजधर द्विवेदी, महामंत्री संजय सिंह, राजेश कुमार, राम शुक्ला, संतोष सिंह, लव कुश बिंद, सत्यम त्रिपाठी उर्फ बीके, सतीश कुमार, जय सिंह,राजेंद्र पटेल, सुशील कुमार, लालमणि कुशवाहा, जमुना प्रसाद, बृजेश भारतीय ,करण बिंद ,विजय सरोज, लाल चन्द सोनकर, कमलेश बिंद आदि रहे।

### भाजपा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया



**घूरपुर।** भाजपा की सरकार पंडित दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार कर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया है। उक्त बातें करमा के एक कालेज में आयोजित भाजपा पिछड़ा मोर्चा करछना मंडल की कार्य समित की बैठक के मुख्य अतिथि काशी प्रांत क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अश्वनी सिंह पटेल ने कार्य कताओं को संबोधित करते हुए कहा। आगे कहा कि पिछड़ा मोर्चा पर यमुनापार के चारों विधान सभा में कमल का फूल खिलाने की जिम्मेदारी है। विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रदेश कार्य समित के सदस्य रंगबली पटेल ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई। विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल ने सरकार की योजनाओ को बताते हुए कहा कि भाजपा में ही पिछड़ा वर्ग का विकास के साथ ही सम्मान है सरकार मे 27 पिछड़ा वर्ग के पहली बार भाजपा में मंत्री है। इसी के साथ 31 अक्टूबर को यमुनापार मे आयोजित प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के जनसभा में पिछड़ा वर्ग को बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करने की अपील की। अध्यक्षता कर रहे ज़िला उपाध्यक्ष धर्मराज राज पाल ने कहा कि आगामी विधासभा चुनाव में प्रदेश में भाजपा 350 सीट जीत कर फिर योगी की सरकार बनेगी। बैठक के संयोजक करछना मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने अतिथियों को माला पहना कर स्वागत कर आभार प्रकट किया। संचालन मंडल उपाध्यक्ष रजवंत सिंह पटेल ने किया। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष संतोष सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष चाका अखिलेश सिंह, शोभा लाल, मान सिंह पटेल, विनोद प्रताप सिंह, गुडडू सिंह, रोहित पाल, दिनानाथ पाल, दिलीप पटेल चंद्रबली सिंह, घनानंद पटेल, अमित कुमार विश्वकर्मा,अभिषेक सिंह आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुरुद्वारा में साहिब श्री गुरु रामदास जी का प्रकाशपर्व पर श्रद्धालु हुए नतमस्तक’

## संध्या काल से अर्धरात्रि तक शब्द- कीर्तन की अलौकिक छटा’

अखंड भारत संदेश



गुरुदास प्रकाश पर्व पर एकत्रित श्रद्धालु।

**करछना।** गुरुद्वारा संगत द्वारा सिखों के चौथे गुरु साहिब श्री गुरु रामदास जी का प्रकाश उत्सव बड़ी ही श्रद्धा के साथ मनाया गया गुरुद्वारा साहिब में संध्याकाल से ही श्रद्धालुओं ने फूल,मालाएं,पुष्प लेकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आगे शीश झुका कर माथा टेका और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया श्रद्धालुओं ने पंक्ति बध बैठकर शब्द-कीर्तन,गुरु इतिहास का श्रवण किया’ पंथ के प्रसिद्ध रागी जत्थे ने गुरु इतिहास का वर्णन करते हुए बताया कि साहिब श्री गुरु रामदास जी ने सिख धर्म के श्रद्धालुओं के विवाह के लिए आनंद कारज 4 फेरे (लावा) की रचना की और सिक्खो को गुरुमत मयार्दा के बारे में बताया' 'हरमंदिर साहिब' की नींव भी इनके कार्यकाल में रखी गई थी.गुरु जी ने 'हरमंदिर साहिब'के चारों और की दिशा में द्वार बनवाए थे.यह हरमंदिर साहिब'हर धर्म,जाति,लिंग के व्यक्ति के लिए खुला है और कोई भी यहां कभी भी किसी भी वक्त आ जा सकता है. साहिब श्री गुरु रामदास जी ने 30 रागों में 638 भजनों का लेखन किया था.अर्थ रात्रि तक गुरु दरबार साध संगत से सजा रहा गुरु दरबार में एक अलग ही मनोहर,अलौकिक छटा बिखर रही थी’ शब्द-कीर्तन, गुरुइतिहास, अरदास, हुकुमनामा उपरांत गुरु का लंगर अर्ध रात्रि तक श्रद्धालुओं ने बड़े ही प्रेम पूर्वक छका’ ज्ञानी जसपाल सिंह, कृपाल सिंह, रंजीत सिंह, देवेंदर अरोड़ा, सुरेंद्र सिंह, जेएस चावला, परमिंदर सिंह बंटी, हरजीत सिंह ढींगरा, वरयाम सिंह, चरन जीत सिंह, गुरनाम सिंह, सतनाम सिंह, हरप्रीत कौर, किरन कौर, सरदार पतविंदर सिंह, हरमन जी सिंह, दलजीत कौर सहित बड़ी संख्या में सेवादार रहे।

# निराश हो रही आशा बहुएं, सरकार बेदर्द

**मान देय आदि को लेकर आशा बहुओं ने अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन**

**कोरांव।** स्वास्थ्य विभाग में कमीशन पर कार्य कर रही आशा बहुएं मेहनत के मुताबिक पारिश्रमिक न मिलने से नाराज हैं। निश्चित मानदेय न मिलने से आशा बहुएं अब अपना धैर्य तोड़ने पर उतारू दिखने लगीं हैं। सामुदाईक स्वास्थ्य केंद्र कोराव में कुल तकरीबन 350 आशा कार्यरत हैं। यदि देखा जाए तो वास्तव में जितना कार्य आशा बहुएं करती हैं उतना उन्हे वाजिब पारिश्रमिक नहीं मिलता। कोरोना काल से लेकर हर पल रात दिन गांवों में कार्य करने वाली आशा बहुएं एक निश्चित मान देय की इंतजार में हैं। किंतु सरकार ने गांव की आशा बहुओं पर मेहरबान नहीं दिख रही। उन्हे समान कार्य समान वेतन मिलना चाहिए। कोरांव की समस्त आशा बहुओं ने अपने शोषण को लेकर सरकार के प्रति नाराजगी जताते हुए सात सूत्रीय ज्ञापन भी दिया। ज्ञापन डाक्टर जे के सोनकर अधीक्षक सी एच सी कोरांव को आशा बहुओं ने यूनियन के अध्यक्ष सरिता सिंह आदि पदाधिकारियों के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन भी किया। आशा संगठनों ने अपनी ब्यथा बताई कि जब से आशा बहुओं की नियुक्ति स्वास्थ्य विभाग ने की है तब से कमीशन पर ही काम कर रही हैं, जिससे उनका और उनके परिवार का गुजारा सही ढंग से नहीं हो पा रहा है। आशाओं का कथन है कि हर समय फिल्ड में काम करने और संचारी रोग तथा अन्य ड्यूटी करोना काल के मानदेय पारिश्रमिक अभी तक नहीं मिला। उक्त बहुओं ने सरकार से मांग कर रही हैं कि मेहनत के मुताबिक एक निश्चित मानदेय अथवा वेतन मिलना चाहिए। अन्यथा आशा बहुओं की पारिवारिक खर्च बच्चों की पढ़ाई लिखाई आदि का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। आशा बहुओं को रात हो या दिन इमरजेंसी काल में अस्पतालों में डिलीवरी केसों को ले जाने पर उन्हें बैठने ठहरने आदि सुविधाओं का इंतजाम नहीं है। जिससे दिक्कतें होती हैं। आशा संगठनों ने मुख्य मंत्री एवम प्रधान मंत्री से आशा वर्करों को एक निश्चित मानदेय वेतन अथवा समान कार्य समान वेतन की तर्ज पर दिया जाय। जिससे आशा बहुओं का परिवार विभिन्न समस्याओं से न जूझ सके।

# हाईवे पर गेंहू लादकर खड़े सैकड़ो ट्रक से हाईवे पर जाम, राहगीरों को फजीहत

**घूरपुर।** इरादतगंज रेलवे स्टेशन के रैक पर गेंहू लादकर पहुंचाने वाले ट्रकों की लंबी लाइन से घूरपुर बाजार से इरादतगंज दो किलोमीटर तक लगने से हाईवे पर दिन रात जाम की स्थिति बने रहने से जहां दुकानदारों का काफी नुकसान हो रहा है वही लंबी ट्रकों की लाइन से सड़क जाम होने से घंटो राहगीरों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। बता दे कि इरादतगंज रेलवे स्टेशन पर लगने वाले रैक पर तीन दिन सैकड़ो ट्रक गेंहू लादकर पहुंचते हैं। ट्रकों की लम्बी लाइन घूरपुर बाजार से इरादतगंज तक विगत तीन दिनों से लगी है । ट्रकों की लंबी लाइन लगने से हाइवे पर खुले सैकड़ो व्यवसायिक प्रतिष्ठान बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं ।जिससे बाजार के कारोबारियों में काफी रोष व्याप्त है । साथ ही ट्रकों की आड़ी तिरछी लाइन के चलते बाइक सवार व साइकिल सवार राहगीर दुर्घटना के शिकार होते हुए चुटहिल हो रहे हैं। राहगीर घंटो जाम मे फसे रहते है। एक तरफ की ही सड़क पर ट्रकों की दोनों तरफ ट्रके खड़े किए जाने से दिन रात जाम की स्थिति रहती है। आरोप है कि स्थानीय पुलिस से बाजार वासियों ने कतार वद्द खड़े किए जाने व जाम से निजात दिलाने की गुहार लगाने के बावजूद मे कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। बाजार के लोगों ने आक्रोष व्यक्त करते हुए कहा कि विगत दिनों रैक पर गेंहू लादकर आने वाले ट्रकों को इरादतगंज हवाई पट्टी पर खड़ा किया जाता था ।लेकिन इधर कई दिनों से हाइवे पर खड़ा किया जा रहा है ।जिससे समस्या उत्तपन्न हो रही है ।बाजार वासियों ने ट्रकों को हाइवे से हटाकर इरादतगंज हवाई पट्टी पर खड़ा करवाने की मांग की है।



घूरपुर हाईवे के जाम मे फंसे राहगीर


# किसान फसल अवशेष एवं पराली से बनाएं कार्बनिक खाद

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** सहसों क्षेत्र के उमरी गांव में प्रधानाचार्य डीपीएस तोमर की देखरेख में धान की फसल पर नैनो यूरिया तरल के प्रयोग प्रदर्शन के अवसर पर उपस्थित किसानों को जानकारी देते हुए कोरडेट के कृषि विशेषज्ञ मुकेश तिवारी ने कहा किसान भाई खेतों में फसल अवशेष एवं पराली को खाद बनाकर खेत की मिट्टी को मजबूत बनाएं तथा आगामी फसल उत्पादन में वृद्धि करें।

उन्होंने कहा किसान खेतों में पराली या फसल अवशेष को कतई न जलाएं अन्यथा खेतों में मौजूद लाभकारी जीवांश नष्ट हो जाएंगे तथा खेतों की उर्वरा शक्ति में कमी आएगी। किसान इफको द्वारा निर्मित बायो डीकंपोजर का प्रयोग करके खेतों में फसल अवशेष या पराली को कार्बनिक खाद के रूप में परिवर्तित करें। जिससे उनके खेतों की उर्वरा शक्ति में बढ़ोतरी हो तथा आगामी फसल स्वस्थ तथा पोषण से भरपूर होने के साथ उत्पादन मे भी बढ़ोतरी होगी।





धान की फसल एवं खेत में पराली दिखाते किसान।

### क्या है बायो डीकंपोजर?

कारडेट जैव उर्वरक इकाई के विशेषज्ञ राजेश सिंह ने बताया कि बायोडीकंपोजर एक प्रकार का फफूंद है, जो खेतों में पड़े फसल अवशेष को कार्बनिक खाद में परिवर्तित कर देता है। 20 ग्राम बायो डीकंपोजर एक एकड़ खेत के लिए पर्याप्त है। खेती में प्रयोग करने के लिए एक ड्रम में 200 लीटर पानी तथा दो किलो गुड़ का घोल उबाल कर मिलाये, इसके बाद बायो डिकंपोजर की एक शीशी अच्छी तरह से मिलाकर ड्रम को ढ्क्कन से ढ़क दे। हर दो दिन पर किसी लंबे डंडे से 1-2 बार चलाते रहना है। यह घोल 10 से 12 दिनो मे तैयार हो जाएगा । तैयार घोल का छिड़काव एक एकड खेत मे सिंचाई के पूर्व या सिंचाई के बाद करने से कुछ ही दिनों में फसल अवशेष भूरे काले रंग में होकर कार्बनिक खाद में परिवर्तित हो जाते है।तैयार कार्बनिक खाद से खेत की मिट्टी की उर्वरा शक्ति मजबूत होगी तथा वर्तमान समय में आलू तथा गेहूं की फसल के लिए बहुत ही लाभकारी होगा। बायो डी कंपोजर के प्रयोग से जहां खेत की मिट्टी को मजबूती मिलेगी वहीं पर्यावरण संरक्षण में भी सहयोग करेगा।

## खबर संक्षेप

### पंकज तिवारी जनसत्ता दल के करछना ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत

**करछना।** जनसत्ता दल के करछना ब्लॉक इकाई की मासिक समीक्षा बैठक रविवार को कबरा गांव में संपन्न हुई। जिसमे जिला अध्यक्ष विनीत पति त्रिपाठी ने पंकज तिवारी को करछना ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया। पंकज तिवारी ने पार्टी के विचारो और नीतियों को जन जन तक पहुंचाने की बात की। अमित सिंह को ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष विनीत पति त्रिपाठी ने प्राथमिक शिक्षा, चिकित्सा तथा जन सेवाओं में जन भागीदारी का रोडमैप प्रस्तुत किया। बूथ और न्याय पंचायत के स्तर पर पार्टी के सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने की बात की।इस मौके पर अश्वनी तिवारी, दिनेश केसरवानी, प्रमोद मिश्रा, गोपाल पांडेय सचिन तिवारी, राहुल मिश्र, बृजेश सिंह, उमेश यादव, कमलाशंकर आदिवासी आदि लोग उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत अध्यक्ष का आगमन 29 को

**कोरांव।** कोराव ब्लॉक के ग्राम पंचायत अल्हवा में 29 अक्टूबर को अध्यक्ष जिला पंचायत डाक्टर वी के सिंह ग्राम पंचायत के एक कार्यक्रम में भाग लेंगे।उक्त जानकारी देते हुए जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार चौबे उर्फ पिंटू चौबे ने दी। ग्राम अल्हवा में 29 अक्टूबर को समय 12 बजे दिन ग्राम सचिवालय भवन का उद्घाटन तथा मनरेगा पार्क का शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में समस्त ग्राम प्रधान,सदस्य छेत्र पंचायत,जिला पंचायत सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। प्रधान अल्हवा शहजादे पत्रकार ने लोगों को कार्यक्रम में सादर आमंत्रित करते हुए समय से पहुंचने की अपील की है।

# चांद का दीदार कर महिलाओं ने खोला व्रत

पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखी थी करवा चौथ का व्रत



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अखंड सौभाग्य के लिए रविवार को महिलाएं करवा चौथ का व्रत रखी और व्रत व पूजा में कोई कमी न रह जाए, इसके लिए व्रती महिलाओं ने घरों में तैयारी की। नवविवाहिताओं में विशेष उत्साह देखा गया। रविवार को करवा चौथ का व्रत होने की वजह से और ही अत्यंत शुभ माना गया। सुबह से महिलाओं ने तैयारी कर निर्जला व्रत रखते हुए शाम को सोलह सिंगार कर चांद का दीदार कर व्रत को खोला। प्राचीन मान्यताओं के मुताबिक करवा चौथ के दिन शाम के समय चंद्रमा को अर्घ्य देकर ही व्रत खोला जाता है। परंपरा के मुताबिक पूजा के शुभ मुहूर्त पर महिलाओं ने करवा चौथ के दिन चंद्रदेव को अर्थ देने के साथ ही चंदन, अगरबत्ती, पुष्प कच्चा दूध, शक्कर, शुद्ध घी, दही, मिठाई, गंगाजल, कुमकुम, अक्षत, चावल, सिंदूर, मेहंदी, महावार, कंघा, बिंदी, चूड़ी, बिछुआ,मिट्टी वाटिका दीया, मिट्टी का करवा? सहित ढक्कन इत्यादि पानी का लोटा, गौरी बनाने के लिए पीली मिट्टी आदि के साथ पूजन किया? गया। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को किए जाने वाला करवा चौथ का व्रत इस बार रविवार को होने की वजह से और ही अत्यंत दुर्लभ संयोग माना गया। इस बार यह पर्व रविवार के दिन रोहिणी नक्षत्र में होने की वजह से अत्यंत ही शुभ कार्य माना गया। ज्योतिषी के मुताबिक चंद्रमा रोहिणी नक्षत्र में उदय होगा और अपनी उच्च राशि में रहेगा।रविवार की युति से व्रत का प्रभाव दुगना होने पर ऐसे में नियमानुसार पूर्वक पूजन करने से लाभ होने की संभावना होती है। रोहिणी नक्षत्र में चंद्रोदय होने से पति पत्नी में प्रेम बढ़ेगा और घर में सुख समृद्धि बढ़ेगी। रोहिणी नक्षत्र में चंद्रमा की पूजा से स्त्रियों के रोग एवं शोक दूर होंगे। इस दिन किए गए शुभ कार्य का पूरा फल मिलता है। वहीं सुहागिन महिलाओं ने करवा मैया का गीत गाकर उन्हें संबोधित भी किया।





### करवा चौथ पर उपवास कर सुहागिनों ने किया विधि विधान से पूजा अर्चना

**जारी।** जारी क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचलों में अखंड सौभाग्य के लिए रविवार को सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का व्रत बड़ी विधि विधान के साथ किया गया पूजा अर्चना इसके लिए महिलाओं ने जमकर तैयारी सुबह से कर रखी थी तो वही रश्मि श्रीवास्तव और नीलम गुप्ता सुहागिनों ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार करवा चौथ के दिन इस दिन मां पार्वती भगवान शिव कार्तिकेय और गणेश जी का पूजन किया जाता है इस व्रत में मां पार्वती से सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं इस दिन करवे में जल भरकर कथा सुनने का विधान है महिलाएं सुबह सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक निर्जल व्रत रखती हैं और चंद्र दर्शन के बाद व्रत खोलती हैं।करवा चौथ पर महिलाएं निर्जला व्रत करती हैं और रात के समय चंद्र दर्शन के बाद ही व्रत खोलती हैं. करवा चौथ में चंद्र देव की आराधना का महत्व विशेष होता है. शास्त्रों के अनुसार, ऐसा कहा जाता है कि अगर चंद्र देव की उपासना की जाए तो इससे दीर्घ आयु और पति-पत्नी के बीच प्रेम में बढ़ोतरी होती है.कोरे करवा में जल भरकर करवा चौथ व्रत कथा कहां गया मां पार्वती को श्रृंगार सामग्री चढ़ाकर पूजा अर्चना की गई उसके बाद मां पार्वती भगवान गणेश और शिव की अराधना किया गया महिलाएं पति के हाथ से पानी पीकर या निवाला खाकर अपना व्रत खोला। पूजन के बाद सास- ससुर और घर के बड़ों का आशीर्वाद लिया।

### पति की लंबी उम्र की कामना के लिए महिलाओं ने रखा करवा चौथ व्रत



**कौंधियारा।** शहरों की तर्ज पर गांवों में भी करवा चौथ व्रत की प्रथा तेजी से बढ़ रही है जिसमें पति पत्नी के जीवन में प्यार और मजबूती लाने वाला पर्व करवा चौथ है इस दिन महिलाएं करवा चौथ की कहानी सुनकर अपने चांद को देखने और पति का चेहरा छलनी से देखने के बाद ही अपना व्रत खोलती हैं सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए यह व्रत रखती हैं वही कुंवारी कन्याएं मनचाहा पति प्राप्त करने के लिए इस दिन निर्जला व्रत रहकर तारों को देखती हैं बाद में जाकर फिर वह अपना व्रत खोलती हैं इस पूजन में कच्चे धागे का भी प्रयोग होता है। पौराणिक कथा के अनुसार सावित्री ने भी किया था कच्चे धागे का इस्तेमाल करवा माता की तरह ही सावित्री ने भी कच्चे धागे से अपने पति को वश वृक्ष के नीचे लपेटकर रखा था कच्चे धागे में लिपटा प्रेम और विश्वास ऐसा था कि यमराज सावित्री के पति के प्राण अपने साथ लेकर नहीं जा सके सावित्री के पति के प्राण को यमराज को लौटाना पड़ा सावित्री को वरदान देना पड़ा उनका सुहाग हमेशा बना रहेगा और लंबे समय तक दोनों साथ रहेंगे। आज महिलाएं व्रत रखें तथा पूजन की और इस पौराणिक कथा को भी सुना और अपने पति के पैर छूकर आशीर्वाद लिए और अपने बड़ों का भी आशीर्वाद प्राप्त किया।

## न्यूज झरोखा

### धूमधाम से मनाया जाएगा व्यापार मंडल मेजा रोड का दूसरा स्थापना दिवस



**मेजा रोड।** ब्यापार मण्डल मेजारोड का दूसरा स्थापना दिवस सोमवार को धूमधाम से मनाएं जाने की तैयारी जोरों पर चल रही है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के डीआईजी/ एसएसपी सर्व श्रेष्ठ त्रिपाठी होंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्रयागराज जिला उद्योग ब्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष कादिर भाई होंगे। उक्त आशय की ब्यापार मण्डल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने दी है।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम सुबह 11 बजे से ब्यापार मण्डल कार्यालय पर आयोजित होगा।कार्यक्रम में ब्यापारियों के उत्पीड़न,ब्यापार की स्थिति सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी,साथ ही ब्यापार सहित कला,समाज सेवा और अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य तरीके स बनाने के लिए ब्यापार मण्डल की टीम जुटी हुई है।

### अज्ञात लोगों ने दुकान में लगाई आग सामान जलकर खाक



**मांडा।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत खुरमा मे गरीब मजदुर की सब्जी की दुकान मे अज्ञात लोगो ने आग लगा दी।आग लगने से दुकान मे रखि सब्जिया।जलकर राख हो गइ।मिली जानककारी के अनुसार ग्रामसभा खुरमा के मुन्निलाल कुशवाहा पुत्र त्रिवेनि कुशवाहा की सब्जि की दुकान मे आग लग गइ।आग धधकने लगी आग को देखकर बडी सख्यां मे ग्रामिण दौडकर आग बुझाने के लिए बाल्टी और डिब्बो से पानी लेकर के मौके पर पहुचे। काफी देर मेहनत करने के बाद भिड़ ने पानी। डालटर आग पर काबु पाए।लेकीन आग इतना तेज था की गरीब की दुकान नही बच पाई।जिसमे गरीब मुन्निलाल कुशवाहा अपनी जिवन यापन इसी से करता था।दुकान मे रखी सब्जीयां,आलु 5 बोरी, टमाटर 20 कीलो0,बैगन व आदी हरी सब्जीया थी? । बर्तन व दुकान मे रखा नगदी 10000 रुपये जलकर नष्ट हो गई।

# समाज के उत्थान में पत्रकारों का अहम रोल : न्यायमूर्ति राजीव लोचन

अखंड भारत संदेश



जिला अपराध निरोधक समिति द्वारा पत्रकारों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल न्यायमूर्ति राजीव लोचन।

**प्रयागराज।** समाज के विकास में पत्रकारों का अहम योगदान है। समय-समय पर मीडिया ने यह बात साबित भी की है। यह बातें न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा ने कही। जिला अपराध निरोधक समिति के द्वारा पत्रकारों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में न्यायमूर्ति ने कहा कि समाज के लिए जितनी महत्वपूर्ण न्यायपालिका है, उतना ही महत्वपूर्ण मीडिया का स्थान है।

न्यायमूर्ति ने कहा कि मीडिया कर्मियों के सम्मान कार्यक्रम में शिरकत करना मेरे लिए गौरव की बात है। सम्मान समारोह के विशिष्ट अतिथि एसएसपी/डीआईजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने कहा आप सबके बीच में आना सार्थकता का बोध कराता है। आप चौथे स्तंभ, जो अकेला है, लेकिन खुद को स्थापित किया है। एसएसपी ने कहा कि जो जनता-जनार्दन से जुड़ा है और जनता की आवाज बनकर हमें बताते हैं। कोरोना काल में आपने जागरूकता फैलाई, जो काबिले तारीफ है। विशेष परिस्थितियों में खुद को बदला और समाजसेवा का कार्य करते रहे। आर्य कन्या इंटर कालेज में आयोजित समारोह में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के 51 साथियों को अंगवस्त्रम भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व चीफ गेस्ट न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा ने यूपीएससी की परीक्षा में सफल प्रयागराज के बेटी अंशिका वर्मा का भी मान बढ़ाया गया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व कमिश्नर आरएस वर्मा ने की। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पंकज जायसवाल, नव चयनित आईएएस अंशिका वर्मा, अनिल वर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ चीफ गेस्ट व विशिष्ट अतिथि ने दीप जलाकर किया। संस्था के सचिव जेल पर्यवेक्षक संतोष श्रीवास्तव ने संस्था के कार्यों और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस कार्यक्रम में लक्ष्मी कांत मिश्र, विशाल श्रीवास्तव, कुलदीप धर, आयुष, संदीप सोनी, शोएब आलम, सतीश केसरवानी, पत्रकार परवेज आलम, आलोक मालवीय, आनंदराज, पंकज चौधरी, अमित सोनकर, आलोक गुप्ता,विजय राज आदि मौजूद रहे।

### शुआट्स में मनाया गया अमेरीकन केमिकल सोसाइटी राष्ट्रीय रसायण सप्ताह

**नैनी।** शुआट्स के फामेर्सी विभाग में अमेरीकन केमिकल सोसाइटी (एसीएस) रसायण सप्ताह ऑनलाइन मनाया गया जिसका मूल विषय द्युतेज या धीरेः रसायण विज्ञान बनाए प्रक्रिया संभवह्व रहा। एसीएस अंतर्राष्ट्रीय छात्र शाखा की शिक्षक सलाहकार एवं कार्यक्रम की संयोजक प्रो अमिता वर्मा ने कार्यक्रम के विषयवस्तु के बारे मे बात करते हुए विविध दैनिक क्रियाओं में तेज या धीरे होने वाली रसायनिक प्रक्रियाओं के उदाहरण दिये और रसायण विज्ञान के महत्व को समझाया। कार्यक्रम के विषय अनुरूप पोस्टर एवं विविध प्रश्नोत्तर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन विविध स्पधार्ओं के विजेता की घोषणा के साथ हुआ। अक्षत हतवार, स्वाति श्रीवास्तव, स्वलेहा राशीद, विश्व प्रकाश, बी जैनाब रोशन, आकाश शुक्ला, दीक्षा जैन, अलफाज अहमद, शिव शंकर शर्मा, आरएस अमनदीप, पूनम और अभयानन्द पटेल ने विविध प्रतियोगिताओं में इनाम जीते। 12 विविध महाविध्यालयों के प्रतिभागी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। शुआट्स के स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के निदेशक डॉ शेखर एवं सह निदेशक प्रो पी मलाइराजन ने समारोह के आयोजन पर आनंद प्रकट किया। डॉ पंकज यादव, डॉ एकता यादव, डॉ विकास कुमार, डॉ दनिश अहमद, डॉ उदय सिंह, डॉ नीतू सोनी, डॉ रजनी श्रीवास्तव, डॉ पुष्पराज गुप्ता, डॉ दिनेश पटेल, महफूज उर रहमान, अनूप मसीह, अमोल अग्निहोत्री, शाहनवाज, ब्रिजराज सिंह, चन्द्रशेखर सिंह एवं बी फामेर्सी के छात्र प्रज्ञा, रुचि, आर्यन, रिताज और दिव्यान्श ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में अपना योगदान दिया।

# शुआट्स में आयोजित हुआ एनएसएस का प्री-आरडी चयन शिविर




शुआट्स की राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत प्री-आरडी चयन शिविर में लोग

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ने डॉ. एस. सक्सेना, रिसोर्स पर्सन, एनएसएस, लखनऊ के नेतृत्व में प्री-आरडी चयन शिविर 2021 का आयोजन किया. डॉ. रोहित लाल समन्वयक एनएसएस ने कहा कि कुलपति मोस्ट रेव्ह. प्रो. राजेंद्र बी. लाल के नेतृत्व में तथा प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. एस बी लाल, प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो. ए के. ए. लॉरेंस व कुलसचिव प्रो. राबिन एल. प्रसाद के मार्गदर्शन में एनएसएस इकाई छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। डॉ. लाल ने बताया कि परेड और सांस्कृतिक गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ एनएसएस स्वयंसेवकों का चयन करने के लिए गणतंत्र दिवस शिविर से पहले प्री आरडी कैंप का आयोजन किया जाता है। प्री आरडी कैंप की अवधि 10 दिन होगी जो नवंबर 2021 के महीने में पटना में आयोजित की जाएगी। इसमें शुआट्स, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, रज्जू भैया विश्व विद्यालय, यूनाईटेड विश्व विद्यालय, प्रयागराज से 63 एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया था। डॉ. अमीश जॉन स्टीफन, एनसीसी नोडल अधिकारी ने परेड की देखरेख की तथा डॉ. हीरा बोस ने सांस्कृतिक गतिविधियों में चयन हेतु पर्यवेक्षण किया। चयन शिविर में डॉ राजेश गर्ग (एयू) डॉ उपेंद्र सिंह (पीआरएसयू), डॉ दीपक कुमार बोस, श्री सत्यम कुमार केसरी, डॉ रेखा रानी (शुआट्स) डॉ सचिंद्र नंद सक्रिय रूप से शामिल थे।



सपा की सदस्यता ग्रहण करते लोग।

### दर्जनों लोगों ने ली सपा की सदस्यता

**कोरांव।** आगामी 2022 विधानसभा चुनाव से पहले जहां पूरे प्रदेश में लोग दल बदलने का काम कर रहे हैं वही कोरांव विधानसभा में समाजवादी नेता जिला सचिव राजेश पांडेय ने दर्जनों लोगों को समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाकर पार्टी में शामिल किया जिसमें ब्राह्मणों के लोगों की संख्या अधिक देखी गई जो सत्ता परिवर्तन के रूप में देखा जा रहा है सदस्यता के दौरान सपा नेता प्रमोद पयासी ने कहा कि देश ही नहीं पूरे प्रदेश में नफरत के नाम भारतीय जनता पार्टी राजनीति कर रही है अगर विकास की बात करनी है तो उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार जरूरी है और कहा कि जब नौजवानों का नेतृत्व करने वाला किसान का बेटा अखिलेश यादव मूख्यमंत्री के रूप में कूर्शी पर बैठेंगे तब किसान की और नौजवान की बात होगी वही भावी बिधायक प्रत्याशी के रूप में ओम सहाय ने सम्मिलित लोगों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि अगर पार्टी ने मौका दिया तो जिला ही नहीं प्रदेश में कोराव का नाम बिकसित विधानसभा में गिना जाएगा और उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के मान सम्मान में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने पाएंगी सम्मिलित होने वालों में प्रमुख रूप से शिव बहादुर सिंह संदीप चतुवेर्दी धर्मराज सिंह आकाश तिवारी ओकार नाथ यादव लालचंद सिंह संदीप तिवारी छोटू चौबे प्रकाश त्रिपाठी जितेंद्र शुक्ला सुरेश तिवारी आदि लोग शामिल हुए और 2022 में समाजवादी सरकार बनाने की बात कही।

# ग्राम समाज की खाली जमीनें भूमिहीनों को आवंटित करें : राजमणि कोल

**जनसुनवाई**

विधायक ने उप जिलाधिकारी,तहसीलदार को प्रस्ताव मंगा कर आवंटन की कार्यवाही करने को दिया निर्देश

अखंड भारत संदेश



जनसुनवाई के दौरान श्रमिकों के हितार्थ पत्र व्यवहार भेजते व सुनवाई करते विधायक कोराव राजमणि कोल व अन्य।

**कोराव।** विधायक कोरांव राजमणि ने अपने आवास पर जनसुनवाई के दौरान भूमि हीनों की परेशानियों के दृष्टिगत ग्राम सभा के ग्राम प्रधान बंधुओं से ग्राम की खाली पड़ी नवीन परती,बंजर आदि की जमीनें भूमि हीनों को आवंटित किए जाने का आह्वान किया।

विधायक ने राजस्व अधिकारियों को भी गांवों में ग्राम समाज की खाली पड़ी जमीनों को खाली कराकर भूमि हीन एवम आवास विहीन पात्र लोगों को तत्काल आवंटन करने के निर्देश दिए। जिससे प्रधान मंत्री आदि आवास योजना के लाभ से कोई वंचित न रहे। उन्होंने विद्युत विभाग द्वारा कई गांवों में बिना कनेक्शन दिए मीटर लगा कर बिल भेज कर वसूली करने की प्रक्रिया पर नाराजगी जताई। और अधिकारियों को ऐसे उप भोक्ताओं से बिल न लेने को कहा। विधायक ने श्रम विभाग के अफसरों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जिनके श्रम कार्ड बने हैं। उन्हे योजनाओं के लाभ हेतु फार्म जमा करने पर जांच दौरान श्रमिक नहीं है यह कह कर आवेदन निरस्त करने की श्रमिकों की शिकायत पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यदि श्रमिक का कार्ड जिस बेस पर बना है,और लाभ लेने के समय यह कहना कि श्रमिक नहीं है यह कह कर आवेदन छांटना अनुचित है। इस विषय में श्रम मंत्री जी से वार्ता करेंगे और ऐसे आवेदनों को निरस्त किए जाने पर पुनः जांच कराएंगे। और दोषी जांच अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही भी कराएंगे। उन्होंने उप श्रम आयुक्त को 14 नवंबर को कोराव में आयोजित कार्यक्रम में सायकिल वितरण तथा मृत्यु अंत्येष्टि सहायता योजना के लाभार्थियों को सहायता राशि का स्वीकृत प्रमाण पत्र वितरित किए जाने हेतु पत्र भी लिखा। उन्होंने विभिन्न ग्राम सभाओं से आए हुए फरियादियों,ग्राम प्रधानों,बी डी सी मेंबरों आदि श्रमिकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने का आदेश दिया। विधायक ने बताया कि 27 अक्टूबर को चिराव और भोगन में पंचायत भवन का उद्घाटन,कार्यक्रम है। मनरेगा मजदूरों की समय से मजदूरी न मिलने की शिकायत ग्राम प्रधान अल्हवा ने प्रधान एवम गांवों के हितार्थ समस्या रखी। जिस पर विधायक ने डी सी मनरेगा से फौरन वार्ता की। जिसमें यह जवाब आया कि दीपावली के पूर्व पारिश्रमिक आ जायेगा। क्योंकि यह समस्या एक गांव की नहीं बल्कि पूरे प्रांत की है।जनसुनवाई के दौरान रामाश्रय शुक्ला विधायक पी आर ओ,ब्लॉक प्रमुख कोरांव मुकेश कुमार कोल,भाजपा नेता राजेश मिस्त्रा,प्रधान संसारपुर डाक्टर लाला सिद्दीकी,नारायण पांडेय प्रधान चांद खमरिया, विमल नारायण तिवारी प्रधान महुली कला, ज्ञानेश्वर प्रसाद मिश्रा सिरिहिर, अनिल पाण्डे प्रधान खूंटा, प्रधान अल्हवा सहजादे, इंद्रजीत कोल आदि कई लोग मौजूद रहे।

### करछना में सहायक डाटा एंट्री ऑपरेटर का चयन 6 गांवो में 25 से 30 अक्टूबर तक

**करछना।** विकास खंड के अंतर्गत 6 गांवो में सहायक डांटा इंट्री ऑपरेटर का चयन 25 अक्टूबर से 30 अक्टूबर के बीच पुनः कराया जाएगा उक्त आशय की जानकारी एडीओ पंचायत करछना विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि विकास खंड करछना के अंतर्गत 80 ग्राम सभाओं में सहायक डाटा एंट्री ऑपरेटर की चयन प्रक्रिया कराई गई थी जिसमें कोरम के अभाव व त्रुटियों के कारण निरस्त दिया गया था जिसको लेकर पुनः विकास खंड के 6 गांव वंचित रह गए थे जिसमें डाडो , मछहर का पुरवा, देवरी कला, घोड़ेडीह, निदौरी एवं अमिलो में पुनः सहायक आपरेटरों का चयन कराने के लिए 25 अक्टूबर से 30 अक्टूबर के बीच सचिव एवं प्रधानों को निर्देशित किया गया है कि गांव में निर्धारित तिथि पर मुनादी कराकर सहायक डाटा एंट्री ऑपरेटर की चयन प्रक्रिया बहाल कराएं जिसमें डाडो में सचिव प्रीती शुक्ला 25 अक्टूबर को ,सचिव महेश कुमार ग्राम पंचायत मच्छर पुरवा में 26 अक्टूबर को, देवरी कला में 27 अक्टूबर को सचिव रामसकल को, घोड़े की ग्राम पंचायत में 28 अक्टूबर को सचिव कमल सिंह को ,निदौरी 29 अक्टूबर को सचिव हुमा परवीन को, एवं अमिलो गांव के सचिव हरिओम चौधरी को 30 अक्टूबर तक डाटा एंट्री की चयन प्रक्रिया निष्पक्ष करा कर ब्लॉक मुख्यालय करछना को सूचित करें।

# निराजली व्रत रहकर महिलाओं ने की अपने पतियों की लम्बी आयु की कामना

## चांद का दीदार होने पर पूजा के बाद सुहागिनों ने किया जल ग्रहण

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** पति की लम्बी आयु के लिये करवा चौथ के व्रत को लेकर रविवार को दिन भर महिलाएं निराजल व्रत रहीं और शाम होते ही वह सज-धज कर पूजा की थाली सजाकर पूजा-अर्चना की। चांद के दीदार होने पर महिलाओं ने पूजा-अर्चना के बाद पति के हाथों से अपना निराजली व्रत पूरा किया।

महिलाओं ने सजने-संवरने के साथ अपने हाथों में अपने प्रियजन के नाम की मेंहदी भी रचाई थी। इसके लिये शहर की महिलाओं ने ब्यूटी पार्लर का रुख किया था। पंजाबी मार्केट में दो दिन से मेंहदी वालों के स्टाल लगे थे और बाबागंज, पंजाबी मार्केट, घंटाघर में संचालित होने वाले ब्यूटी पार्लर में दो दिनों से महिलाओं की भीड़ अधिक देखने को मिली। बहरहाल शहर से लेकर गांव तक महिलाएं चूड़ी, करवा, सुहाग की सारी सामग्री लेकर पूजा-अर्चन करते देखी गई। बता दें कि यह व्रत अपने पति के साथ सुखमय जीवन के लिये रखा जाता है। इस परम्परा को निभाने में शिक्षक, अधिवक्ता या नौकरी पेशा की महिलाएं भी पीछे नहीं रहती। सभी अपना कर्तव्य करते हुए भी करवा चौथ की परम्परा को बखूबी निभाती हैं। ज्यादातर महिलाएं इस दिन को साल भर का अपना सबसे महत्वपूर्ण दिन मानती हैं। इस दौरान बलीपुर स्थित दुर्गा मंदिर में सामूहिक रुप से पूजा अर्चना की गई।

### राजकीय मेडिकल कालेज का उद्घाटन का जायजा लेने पहुंचे डीएम-एसपी

**प्रतापगढ़।** डा0 सोनेलाल पटेल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का लोकार्पण सोमवार को प्रातः दस बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिद्धार्थ नगर से आनलाइन वर्चुअली करेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारी आज दिन भर होती रही। यह जानकारी देते हुए राजकीय मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा0 आर्य देश दीपक ने बताया कि तैयारियों का जायजा लेने के लिये जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल व पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मेडिकल कालेज परिसर रविवार को पहुंचे थे। उन्होंने तैयारियों के बारे में प्रधानाचार्य से बात की और घूम-घूमकर जायजा लिया। मेडिकल कालेज के उद्घाटन समारोह की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी संतुष्ट नजर आए। बता दें कि यह उद्घाटन कार्यक्रम सोमवार को प्रातः दस बजे शुरु होगा जिसमें राज्य के चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खनन व प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री मोती सिंह शामिल होंगे। इसके अलावा सांसद व विधायक भी मौजूद रहेंगे।



# 500 से अधिक स्थानों पर सुना गया पीएम के मन की बात

### 30 मण्डलों में सामूहिक रुप से हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात के 82वें संस्करण को भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा के नेतृत्व में जनपद के सभी संगठनात्मक 30 मण्डलो में 500 से अधिक स्थानों पर सामूहिक रूप से सुना गया। मन की बात कार्यक्रम के जिला प्रभारी व भाजयुमो के निवर्तमान ज़िलाध्यक्ष रवि गुप्ता ने बताया की मन की बात को भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा ने बाबागंज विधानसभा के विकरा बूथ पर, महामंत्री राजेश सिंह ने नगर के गोपालापुर बूथ पर, पवन गौतम ने बाबागंज विधानसभा के आलापुर पर व भाजयुमो के निवर्तमान जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता ने सदर विधानसभा के किशुनगंज बूथ पर सुना। इस दौरान किशुनगंज बूथ पर बूथ अध्यक्ष राम प्रसाद पुष्पजीवी, युवा नेता अवनीश पाण्डेय सूरज, सिद्धार्थ सिंह रघुवर, निरपेश चौरसिया, पीयूष मिश्रा, विपिन सिंह सोमवंशी, बृजेश प्रजापति, अरविंद चौरसिया ने मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना।

### ब्रह्मदेव युवजन जागरण मंच के अध्यक्ष बने दीपक दुबे

**प्रतापगढ़।** ब्रह्मदेव युवजन जागरण मंच प्रतापगढ़ का गठन रविवार को कलेक्ट्रेट प्रांगण में किया गया। इसमें पं0 दीपक दुबे पहलवान को अध्यक्ष, पं0 सौरभ शुक्ल, पं0 राहुल पाण्डेय व पं0 अम्ब्रीश कुमार दुबे पं0 अनुराग त्रिपाठी व डॉ0 संजय मिश्र को उपाध्यक्ष, पं0 रतन्देश शुक्ल को महामंत्री, पं0 नीरज पाण्डेय को संगठन मंत्री, पं0 शिवाकान्त दुबे को कोषाध्यक्ष, पं0 महेश दुबे को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। इस मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के अध्यक्ष पं सत्येन्द्र नारायण तिवारी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान जिला महामंत्री पं0 वज्रघोष ओझा, जिला संगठन मंत्री पं0 प्रकाश दुबे व पं0 विनय कुमार मिश्र, जिला उपाध्यक्ष पं0 घन श्याम शुक्ल, नगर महामंत्री पं0 राजेश नारायण मिश्र, ब्लाक बाबा बेलखरनाथ धाम उपाध्यक्ष पं0 कृष्ण नारायण दुबे सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# सांसद तथा विधायकों की तर्ज पर वकीलों व पत्रकारों पर भी दर्ज मुकदमे सरकार ले वापस

**अखंड भारत संदेश**

पत्रकारों के खिलाफ भी उत्पीड़न के तहत दर्ज मुकदमों को चिन्हित कर फौरन वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कराये। रविवार को यहां जारी बयान मे अपने पत्र के हवाले से उन्होनें सरकार से कहा है कि अधिवक्ताओं तथा पत्रकारों के मौलिक अधिकारों को संरक्षित किया जाना इस समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांसद व विधायक जैसे जनप्रतिनिधियों की तर्ज पर सरकार अधिवक्ताओं तथा पत्रकारों पर भी दर्ज उत्पीड़न के तहत झूठे मुकदमों को अविलम्ब वापस ले। ऑल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के अध्यक्ष एवं भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के प्रान्तीय उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र मे यह मांग उठाई है। उन्होनें कहा कि प्रदेश सरकार विधायकों तथा सांसदो ही नही बल्कि राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं के खिलाफ कायम कराये गये कई मुकदमों को ताबडतोड वापस ले रही है। ऐसे मे उन्होनें सरकार से कहा है कि वह प्रत्येक जिले मे जिला जज एवं डीएम की संयुक्त समिति का गठन कर सामाजिक मिशन मे जुटे अधिवक्ताओं तथा पत्रकारों के खिलाफ भी उत्पीड़न के तहत दर्ज मुकदमों को चिन्हित कर फौरन वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कराये। रविवार को यहां जारी बयान मे अपने पत्र के हवाले से उन्होनें सरकार से कहा है कि अधिवक्ताओं तथा पत्रकारों के मौलिक अधिकारों को संरक्षित किया जाना इस समय की सबसे बड़ी जरूरत है। वहीं ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा है कि यदि सरकार वकीलों व पत्रकारों के खिलाफ दर्ज मुकदमों को वापस लेने की शीघ्र पहल नही करती तो ऑल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन की ओर से इसे लेकर उच्च न्यायालय मे याचिका भी दाखिल की जाएगी। उन्होनें यह भी मांग उठाई है कि अधिवक्ताओं तथा पत्रकारों की सुरक्षा के लिए भी सरकार हर जिले मे विशेष निगरानी सेल का गठन करे और मीडिया तथा अधिवक्ताओं के ऊपर जानलेवा हमलों मे दर्ज केस पर दोषियों को कड़ी सजा दिलाए जाने के लिए ऐसे मुकदमों को विशेष फॉस्ट टैट्रक कोर्ट मे स्थानांतरित किया जाय।

# स्वच्छ जल डाल्फिन दिवस पर आयोजित हुई गंगा दौड़

### वन विभाग ने आयोजित किया कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** फ्रेश वाटर डॉल्फिन दिवस के उपलक्ष में प्रतापगढ़ वन प्रभाग के अंतर्गत गंगा दौड़ का सफल आयोजन किया गया जिसमें विभिनन्‍ स्कूल के बच्चे और 18वीं बटालियन के एनसीसी कैडेट ने भाग लिया। दौड़ का आयोजन सई नदी के तट से बेला माई मंदिर के निकट प्रारंभ हुई एवं समापन प्रभारी निदेशक कार्यालय प्रतापगढ़ के यहां हुआ। इस उपलक्ष्य में सदर विधायक राजकुमार पाल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एवं विभागीय निदेशक वरुण सिंह, विभिनन्‍ क्षेत्रीय वन अधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों के साथ आयोजन को सफल बनाने हेतु प्रयास किए।



बता दें कि डॉल्फिन भारत की नेशनल एक्वेटिक एनिमल है जिसकी सुरक्षा से गंगा एवं अन्य उसकी सहायक नदियों की सुरक्षा की जा सकती है। हम सबको मिलकर डॉल्फिन जो कि एक स्तनधारी जीव है उसके संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रयास करना चाहिए। आयोजन के उपरांत महिलाओं में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार दुद्धी पुरस्कार एवं पुरुष वर्ग में प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार वितरित किए गए। साथ ही साथ पांच सांत्वना पुरस्कार भी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप दिया गया। गंगा रन को संबोधित करते हुए भागी निदेशक ने डॉल्फिन एवं अन्य जलीय जीवो के संरक्षण पर बल दिया और यह कहा कि जल जंगल जमीन की सुरक्षा हम आम जनमानस के सहयोग से ही प्राप्त कर सकते हैं।

# सरकार बनाने में शिक्षकों की अहम भूमिकाः डा0 एसपी सिंह

## सपा कार्यालय पर शिक्षक सभा के प्रदेश महासचिव का हुआ स्वागत

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** बूथवार शिक्षकों की भूमिका संवाद से समाधान की ओर कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी कार्यालय मीरा भवन में उपस्थित शिक्षक सभा के प्रदेश महासचिव डॉ.एस.पी.सिंह पटेल का शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष कमरुल हसन ने स्वागत किया।

इस दौरान डॉक्टर एसपी सिंह पटेल ने कहा कि सरकार बनाने में शिक्षक सभा की सबसे अहम भूमिका होती है। वर्तमान सरकार में जितना शिक्षकों को अपमानित करने का काम किया गया, उतना किसी भी सरकार में नहीं हुआ। इस दौरान शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष कमरुल हसन और जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने कहा कि जिस तरह से शिक्षकों को लखनऊ में लाठी-डंडे के दम पर धरने पर नहीं बैठने दिया जा रहा है और उनकी बात नहीं सुनी जा रही, उसका जवाब 2022 में सपा सरकार बना कर देंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने दो नए सचिव नियुक्त किए जिसमें मुफीज अहमद और फरीद अहमद शामिल रहे।

इस मौके पर पूर्व विधायक मुनन यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी शहजादा कलीम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुषमा पाल, शहरे ए आलम शिबू, अश्वनी सोनी, वासिक खान, इरशाद सिद्दीकी, राजीव यादव सोखा, कामता पटेल, इरफान खान, मौलाना सलमान, गुलफाम खान, जगदीश मौर्य, मुनन सिंह यादव, अमरीश यादव, जावेद भाई, प्रदीप यादव, मनीष पाल, राजू यादव, जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी, विधानसभा अध्यक्ष सदर डॉ.राम बहादुर पटेल, मीडिया प्रभारी वकार अहमद शामिल रहे।

### ट्रेन भी है स्टापेज भी है पर टिकट बिना कैसे करें सफर

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक पर पड़ने वाले परियावां कालाकांकर रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज व कानपुर सेंट्रल आने जाने के लिए यात्रियों को स्टेशन से टिकट नही मिल रहा है जब कि नौचंदी व ऊंचाहार एक्सप्रेस दोनों ट्रेन पटरी पर दौड़ रही है लेकिन कोरोना काल के दौरान लगभग एक वर्ष से अधिक समय से टिकट की बिक्री बन्द कर दी गई जिससे यात्रियों को ट्रेन की सफर से वंचित होना पड़ रहा है जब कि रेल विभाग ने हाल ही में गंगा गोमती एक्सप्रेस ट्रेन के टिकट का जनता के लिए स्टेशन पर बिक्री शुरू करवा दी है बाकी अन्य ट्रेनों की टिकट की बिक्री बन्द चल रही है स्थानीय ब्यापारी अनिल मौर्या(ग्राम प्रधान), गोपाल जी अग्रवाल, मुकुन्द अग्रवाल, सुशील चौरसिया, बच्चन तिवारी, ननके पाण्डेय, अनिल अग्रहरि, गनेश अग्रहरि, सुशील महराज, सुधीर जायसवाल, पिन्टू शुक्ला, सनने शुक्ला, नीरज पाण्डेय, चुनने शुक्ला, हरिश्चन्द्र मौर्य, हरकेश मौर्य, संतोष मौर्या बीडीसी आदि लोगो ने रेल विभाग के उच्च अधिकारियों से परियावां कालाकांकर रेलवे स्टेशन की टिकट बिक्री शुरू करने की मांग की है जिससे यात्रियों को ट्रेन की सफर से वंचित न होना पड़े।



# उमेश पाण्डेय बने राछस के एमडीपीजी कालेज के इकाई अध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्सव भूषण भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन जिलाध्यक्ष द्वारा एमडीपीजी कॉलेज प्रतापगढ़ में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का इकाई अध्यक्ष के रूप में उमेश पांडे को जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन प्रतापगढ़ के प्रांगण में माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए नियुक्ति पत्र दिया गया। कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष डॉक्टर लालजी त्रिपाठी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ वी के सिंह, शहर अध्यक्ष इरफान अली, वेदांत तिवारी, फतेह बहादुर सिंह, पवन विश्वकर्मा, रवि शर्मा, संदीप पांडे, अजीत सिंह, अब्दुल रहमान, उत्सव भूषण आदि लोग उपस्थित रहे।

## विविध कार्यक्रमों मे आज शामिल होगीं विधायक मोना

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज सोमवार को निर्वाचन क्षेत्र मे आयोजित विविध कार्यक्रमों मे शामिल होगीं। विधायक मोना दिन मे एक बजे नसीरपुर के बृजेशचंद्र कौशिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व सायं चार बजे रांकी मे आयोजित कार्यक्रम मे शामिल होगीं। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

### 7रानीगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु निरंतर दिये जा रहे निर्देश के क्रम में थाना रानीगंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0 555/21 धारा 147, 148, 149, 504, 506, 307 भादवि से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त मो0 अरबाज पुत्र जाहिद अली नि0 पूरे गोलिया थाना रानीगंज को थाना क्षेत्र के जामताली मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

बता दें कि नौ अक्टूबर को थाना क्षेत्र रानगंज के ग्राम दरियापुर पावर हाउस उक्त अभियुक्त मो अरबाज व उसके अन्य साथियों द्वारा विवादित जमीन के प्रकरण में फायरिंग/मारपीट की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना रानीगंज में मु0अ0सं0 555/21 धारा 147, 148, 149, 504, 506, 307 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त अभियोग से सम्बन्धित दो अभियुक्त पूर्व में गिरफ्तार किये जा चुके हैं। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय मय हमराह थाना रानीगंज शामिल रहे।

# जाम की समस्या से हलाकान हैं लालगंजवासी, प्रशासन के कान पर नही रेंग रहा जूं

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लखनऊ-वाराणसी नेशनल हाइवे के लालगंज चौक पर जाम से लोगों को निजात नही मिल पा रही है। तहसील समाधान दिवस से लेकर आये दिन व्यापारियो व अधिवक्ताओं की ओर से भी जाम को लेकर अफसरो से शिकायत दर्ज करायी जाती है। अफसर समस्या के निदान का कोरा आश्वासन देकर ही अपने कर्तव्यों की इतिश्री किया करते है। स्कूल कॉलेज खुल जाने से तहसील तथा चौक एवं स्टेट बैंक के सामने तो जाम की समस्या रोज लोगों को हलाकान किये है। चौक पर डग्गामारी और ठेला दुकानों के अतिक्रमण से भी राहगीर यहां से गुजरने मे घंटो हलाकान दिखा करते है। नेशनल हाइवे पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने दोनों तरफ फुटपाथ बना रखा है। इस फुटपाथ पर भी दिन भर दुकानें तथा दोपहिया वाहनों पर कब्जा दिखा करता है। सरकारी नाले पर भी ज्यादातर लोगों का अतिक्रमण साफ नजर आता है। इसके बावजूद प्रशासन की नजर इस समस्या पर जाने क्यूं नही पड़ रही है। यही हाल चौक से कालाकांकर तथा घुइसरनाथ मार्ग पर भी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से चौक एरिया मे डग्गामारी तथा अतिक्रमण से निजात दिलाए जाने की फरियाद की है। सबसे ज्यादा जाम का कारण रोडवेज बसें दिखा करती हैं। दिल्ली तथा कानपुर की स्थानीय रोडवेज यात्री सेवाएं घंटो चौक पर सवारियों के मोह मे आड़े तिरछे खडी देखी जाती है। एसडीएम के द्वारा रोडवेज डिपो के एआरएम को इस बाबत पूर्व मे भी पत्र लिखा जा चुका है। नगर के अस्पताल छोर पर रोडवेज बस स्टेशन का निर्माण भी हुआ है। वहां बसों के ठहराव के लिए पर्याप्त जगह भी है। इसके बावजूद बस स्टेशन पर यात्री सेवाओं का नाम मात्र का ठहराव भी नहीं दिखा करता। हालांकि नवनिर्मित बस स्टेशन पर पेयजल की समस्या अभी भी ज्यों कि त्यों बनी हुई है।

## पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास व बलवा की रिपोर्ट दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा बलवा का केस दर्ज किया है। कोतवाली के अजगरा निवासी अब्दुल मजीद के पुत्र मो. मुख्तार ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बाइस अक्टूबर को रंजिशन गांव के मो. असलम, अंजुम, खुशबू, तब्बसुम बानो व एक अन्य ने लाठी डंडे से उसकी पतनी को घर मे घुसकर मारापीटा। बीचबचाव कर रहे उसके पुत्र को भी आरोपियों ने मारपीट कर चुटहिल कर दिया। आरोपियो के हमले मे पतनी बेहोश हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शनिवार की रात अंजुम समेत पांच के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट, बलवा तथा हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### मोगली बनकर बच्चे ने पेड़ -पौधे लगाने के लिए किया प्रेरित

**कौशाम्बी।** प्राथमिक विद्यालय टेंवा प्रथम,मंझनपुर में" वृक्ष आपके द्वार" कार्यक्रम के अन्तर्गत कक्षा-1 के छात्र कृष्णा द्वारा मोगली बनकर विद्यालय के बच्चों एवं ग्रामीणों को विद्यालय में स्वयं पेड़ लगाकर पेड़ -पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया मोगली का संदेश है- कि पेड़-पौधे लगाना है सबको खुशहाल बनाना है उक्त जानकारी सहायक अध्यापक टेवा अजय कुमार श्रीवास्तव प्राथमिक विद्यालय ने दी है।

### क्राफ्ट कार्य से बच्चों में निर्माण कला का हो रहा बिकास

**कौशाम्बी।** प्राथमिक विद्यालय टेवाँ प्रथम, मंझनपुर में बच्चों द्वारा क्राफ्ट कार्य किया गया।बच्चों को क्राफ्ट कार्य बहुत पसंद है।

बच्चे बहुत मन से क्राफ्ट कार्य करते हैं।बच्चों को क्राफ्ट कार्य में मार्गदर्शन विद्यालय के शिक्षकों द्वारा दिया जाता है। इस कार्य से बच्चों में निर्माण कला का विकास हो रहा है उक्त जानकारी सहायक अध्यापक अजय कुमार श्रीवास्तव प्राथमिक विद्यालय टेवाँ प्रथम ने दी है।

# ईंट-पत्थर से कूच कर युवक की हत्या

**पइंसा थाना क्षेत्र के कैमा गांव की एक बाग में रक्त रंजित मिला युवक का शव, ननिहाल में रह रहा था युवक लोगों से चल रहा था संपत्ति विवाद**

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** पैंसा कोतवाली क्षेत्र के कैमा गांव के यूकेलिप्टस की बाग में एक युवक का रक्त रंजित शव मिला है युवक 2 दिन पूर्व से लापता था जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ और स्थानीय थाना पुलिस पहुंची और युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ईट पत्थर से कूच कर युवक की हत्या की गई है शव की शिनाख्त अशोक कुमार पुत्र गया प्रसाद के रूप में हुई है घटनास्थल से युवक का मोबाइल और चप्पल भी बरामद हुआ है पास में ईंट और खून पड़ा है हत्यारों ने ईंट से कूचकर युवक की हत्या कर फरार हुए हैं।

घटनाक्रम के मुताबिक सैनी कोतवाली के भरेहड़ी गांव निवासी अशोक कुमार पुत्र गया प्रसाद अपने ननिहाल उदहीन बुजुर्ग गांव में रहते थे बताते हैं कि ननिहाल में उनका किसी से संपत्ति विवाद भी चल रहा था शुक्रवार की शाम रहस्यमय परिस्थितियों में अचानक अशोक कुमार लापता हो गए हैं रविवार की सुबह कैमा गांव के बाहर यूकेलिप्टस की बाग में रक्त रंजित एक युवक का शव पड़ा था पास में खून से सने ईट पत्थर पड़े थे मौके पर एक मोबाइल फोन और चप्पल भी बरामद हुआ है बाग में युवक की लाश पड़ी होने की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है युवक की पहचान अशोक कुमार पुत्र गया प्रसाद निवासी उद्दीन बुजुर्ग के रूप में हुई है सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची है और युवक की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है युवक की हत्या किसने की है इस बात की चर्चा ग्रामीण दबी जुबान से कर रहे हैं।


युवक का शव मिलने के बाद मौके पर लगी ग्रामीण और पुलिस की भीड़

# आधुनिक व मन लुभावने झूलो से प्ले ग्रुप में खेलेंगे भवंस के बच्चे

**नवागंतुक निदेशक संदीप सक्सेना ने 6 व 4 के बच्चो को दीपावली के त्योहार से पहले दिया बड़ा तोहफा बच्चो के खिल उठे चेहरे**

भरवारी कौशाम्बी नगर पालिका परिषद में स्थित भवन्स मेहता विद्याश्रम में नन्हे मुंन्हे बच्चो के लिए नवागंतुक निदेशक संदीप सक्सेना ने बच्चो के खेलने के लिए अत्याधिक आधुनिक व खूबसूरत तरीके से निर्मित झूले व सम्पूर्ण खेलने के सामानों का पिटारा दीपावली के आगमन से पहले प्ले ग्रुप के बच्चो के लिए बड़ा तोहफा देकर बच्चो की खुशी में चार चांद लगा दिया जिससे बच्चो में खुशी की लहर दौड़ गई है। आपको बता दे कि जबसे निदेशक संदीप सक्सेना ने पदभार ग्रहण किया है तब से आज तक उनके जेहन में सिर्फ एक ही सवाल उठ रहा है कि कॉलेज की गिरती गरिमा को कितने जल्दी से उचाईयों की ओर ले जाया जाए इसके लिए आये दिन सभी शिक्षकों व कर्मचारियों की बैठक कर एक नई दिशा निर्देश दिया करते है आज उसी का नतीजा भी हैं कि सब कुछ नया लुक में बच्चो के लिए नई सोच के साथ बच्चो को तोहफा के रूप में दिया है कॉलेज को हर सुबिधा से लैस करते हुए कॉलेज को आगे की ?र ले जाना ही उनका मात्र मकसद है इस मौके पर प्रिंसिपल संजय कुमार श्रीवास्तव रविन्द्र कुमार सिंह सुशील कुमार श्रीवास्तव सुधाकर सिंह राम सनेही श्रीवास्तव कार्यालय अधीक्षक नसीम अहमद मौजूद थे शिक्षको ने निदेशक की कार्यशैली की प्रसंसा की।


खेलकूद में लगे बच्चे

## न्यूज झरोखा

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गम्भीर घायल



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसराय राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक सवारों को ट्रक चालक टक्कर मारकर फरार हो गया जिसमें बाइक सवार गम्भीर घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार कोखराज थाना क्षेत्र के टड्हर परसखी निवासी कृष्णदेव और सूरश्याम रविवार को दवा करवा कर घर वापस जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार अटसराय चौराहे के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुँचे अज्ञात ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर गए तब तक ट्रक चालक मय वाहन फरार हो गया हादसे को देख मौके पर स्थानीय ग्रामीणों राहगीरों की भीड़ जुट गई स्थानीय लोगों ने गम्भीर घायल बाइक सवारों को एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी इस्माइल पुर भेज दिया जहां कृष्णदेव की स्थिति खराब देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया है।

### नारद मोह के साथ शुरू हुई दस दिवसीय रामलीला



**कौशाम्बी।** उदहिन बाजार में आयोजित हुई दस दिवसीय रामलीला के पहले दिन नारद मोह की लीला हुई। कामदेव पर विजय पाने के बाद नारद जी को अपने ऊपर घमंड हो गया। नारद जी राजा शील निधि की कन्या विश्व मोहनी की सुंदरता पर मुग्ध होकर उससे विवाह की इच्छा जताई। विश्व मोहनी से विवाह की इच्छा लेकर नारद जी भगवान विष्णु जी के पास गए और भगवान विष्णु से अपने जैसे सुंदर चेहरे की मांग की। भगवान विष्णु जी नारद जी को हुए मोह को तुरंत पहचान लिया। उन्होंने हंसते हुए उन्हें कहा कि आपका चेहरा सुंदर हो गया है। इसपर नारद जी विश्व मोहनी के पास गए और विवाह की इच्छा जताई। विश्व मोहनी नारद जी के शक्ल को देखकर हंसने लगी और बोली कि तुम्हारी शक्ल तो बंदर जैसी है। इतना सुनते ही नारद जी क्रोधित हो गए और भगवान विष्णु के पास जाकर भगवान विष्णु से इस छल के लिए श्राप दे दिया। क्रोधित होकर नारद जी ने भगवान विष्णु से कहा कि जिस तरह मै पत्नी के वियोग में दुखी हूं , उसी तरह तुम भी पत्नी वियोग से दुखी होगे और यही बन्दर तुम्हारी सहायता करेंगे। जय मां सिंह वाहिनी रामलीला कमेटी के द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक अजय सोनी ने आए हुए भक्त जनों एवं रामलीला के कलाकारों का स्वागत करते हुए उनका धन्यवाद जताया। उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के कई जनपदों से आए हुए तमाम रामलीला के कलाकारों के सुंदर मंचन की रामलीला प्रेमियों ने सराहना की। इस अवसर पर जीतू केसरवानी, डॉ राजेंद्र प्रसाद, बृजेन्द्र तिवारी, ग्राम प्रधान दशरथ प्रधान, कल्लू केसरवानी, राम बाबू सोनकर, विजय कुमार मौर्य, उमेश सिंह, शिव सिंह पटेल, हिमांशु केसरवानी, विकास मिश्रा, शफीक अहमद आदि मौजूद रहे।

### एनसीसी की नेवल यूनिट पहुंची कडाधाम

**कौशाम्बी।** कानपुर से चलकर एनसीसी यूनिट शुक्रवार को दोपहर एक बजे कडाधाम पहुंची यह यूनिट कानपुर के धौरीघाट से चलकर प्रयागराज तक जायेगी स्टीमर द्वारा जलमार्ग से कानपुर से प्रयागराज के विभिन्न घाटो पर रुककर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।एनसीसी लखनऊ ग्रुप के अन्तर्गत थ्री यूपी नेवल यूनिट के कैडेटस कडाधाम पहुंचे थे और माता शीतला धाम मे दर्शन पूजन किये और रात्रि का विश्राम प्रथमिक विद्यालय शीतला धाम कड़ा में किया कडाघाट व संत मलूकदास आश्रम होते हुए राजा जयचंद के किले मे स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर थ्री यूपी नेवल ईकाई एनसीसी के कमान अधिकारी कैप्टन (भारतीय नौ सेना) नवेंदु सक्सेना,लेफ्टिनेंट कामांडर अश्विन सिंह, सुबेदार मेजर नियाज अहमद, नायक कृष्ण दत्त ओझा विनय पांडेय आदि लोग मौजूद रहे अंतिम में कालेश्वर घाट से आगे कि यात्रा के लिए सम्मान समारोह आयोजित कर माता शीतला की फोटो अंग वस्त्र स्मृति स्वरूप नायक कृष्ण दत्त ओझा को विनय पांडेय ई.ओ अनिल कुमार मौर्य प्रधानाचार्य नितेश कुमार त्रिपाठी पवन तिवारी आशीष विश्वकर्मा राजेश पाल ने संयुक्त रूप से भेंट कर सम्मानित किया।

### बर्तन सराफा मिठाई की दुकानों पर बड़े टैक्स चोरी की तैयारी

**कौशांबी।** दीपावली का पर्व आते ही टैक्स चोरी करने वाले सरार्फा बर्तन मिठाई ब्यापारी सक्रिय हो जाते है दीपावली के पर्व पर किसी के घर लक्ष्मी का आगमन हो या ना हो लेकिन इन टैक्स चोरों के घर पर लक्ष्मी का आगमन हो जाता है जिले में धनतेरस और दीपावली पर बर्तन मिठाई और सरार्फा की दुकान में टैक्स चोरी कर सामानों की बड़े पैमाने में बिक्री की जाती है और त्योहार के नाम पर विभाग के अधिकारी मूकदर्शक बने रहते हैं इसी तरह धनतेरस दीपावली भैया दूज पर मिठाई दुकानों में मिठाई टैक्स चोरी कर बेची जाती हैं टैक्स चोरी करने के मामले में महीनों पूर्व से योजना बनाई जाती है जिले में टैक्स चोरी के बर्तन का बड़ा भंडारण हो चुका है यदि अभी से जिला अधिकारी ने संज्ञान लेकर व्यापार कर अधिकारियों को सक्रिय कर दिया तो करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी का खुलासा होना तय है।

### महान क्रांतिकारी अशफाक उल्ला खान की मनाई जयंती

**कौशाम्बी।** वंदे मातरम समाज सेवी समिति कार्यालय टेवां मे काकोरी कांड के गवाह रहे महान क्रांतिकारी अशफाक उल्ला खान की जयंती समारोह मनाया गया इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि 22 साल की उम्र में फांसी पर झूलना उन्होंने मंजूर किया लेकिन अपने साथियों और वतन से गद्दारी उन्होंने नहीं किया अंग्रेजों द्वारा तमाम लालच देने पर भी फांसी पर चढ़ना उन्होंने स्वीकार करके 22 साल की उम्र में फांसी पर चढ गए लेकिन अपने वतन और देश से वफादारी नहीं छोड़ी ऐसे महान क्रांतिकारी का जन्म दिवस आज मनाया गया अशफाक उल्ला खान के जन्मदिवस पर चौकी इंचार्ज टेवां कल्बे अब्बास खान एवं समाजसेवी हिमांचल मौर्य ने दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किए इस अवसर पर चौकी इंचार्ज कल्बे अब्बास खान साहब हेड कांस्टेबल तनवीर खान व समाजसेवी हिमांचल मौर्य, मोहम्मद अख्तर, जन अधिकार पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय मौर्य ,सोनू मोदनवाल ,मिथिलेश विश्वकर्मा ,राजा सोनी ,साजिद अली ,मुकेश सोनकर ,राधे कुमार सरोज ,श्री कुमार मौर्य, रमेश कुमार राजपूत ,मुकेश केसरवानी ,अमित भास्कर, आदि समिति के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भवन्स मेहता महाविद्यालय के प्राचार्य होंगे डॉ प्रबोध कुमार श्रीवास्तव

**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता महाविद्यालय के प्राचार्य के पद पर प्रबोध श्रीवास्तव की नियुक्ति हो गई है डॉ प्रबोध कुमार श्रीवास्तव के पिता सुशील कुमार श्रीवास्तव इससे पहले भवंस मेहता महाविद्यालय में बॉटनी के प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे भरवारी में पिता की नियुक्ति के चलते डॉ प्रबोध श्रीवास्तव की पढ़ाई लिखाई भरवारी क्षेत्र में संपन्न हुई है।

# समसपुर गांव में दौड़ प्रतियोगिता एवं खेलकूद का आयोजन


खेलकूद प्रतियोगिता में सम्मानित खिलाड़ी

**चायल कौशाम्बी।** समसपुर ग्राम सभा में दौड़ खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन एक पूर्व सैनिक के सहयोग से आयोजित कराई गई है इस प्रतियोगिता में तमाम युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया है और सफल प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरुस्कृत कर सम्मानित किया गया है इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए हमारे जीवन में खेल कूद व्यायाम करना जरूरी है दानिश अली ने समसपुर गांव में पहुंचकर खेलकूद से संबंधित विजेताओं को पुरस्कृत किया। चायल तहसील क्षेत्र के समसपुर गांव में ऐतिहासिक दौड़ प्रतियोगिता एवं खेलकूद का आयोजन भूतपूर्व सैनिक के सहयोग से प्रत्येक वर्ष किया जाता है प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दौड़ खेलकूद का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में दूरदराज से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया खेल कूद दौड़ का आयोजन देखने के लिए दूर-दूर से लोग शामिल होते हैं एडवोकेट दानिश अली ने कहा स्वस्थ रहने के लिए हमारे जीवन में खेल कूद व्यायाम करना जरूरी है। इस लिए सभी को व्यायाम से संबंधित खेल कूद करना चाहिए इस मौके पर संविधान का महत्त्व बताते हुए संविधान की प्रतियां भेंट की गयी। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष ग्राम समसपुर में 24 अक्टूबर को दौड़ प्रतियोगिता प्रमुख आयोजककर्ता भूतपूर्व सैनिक मान सिंह पाल के द्वारा आयोजित की गई बालकुमार पाल, राजेश पाल मनोज पाल, प्रदीप पाल, श्यामबाबू पाल व अन्य सहयोगी कमेटियों के सहयोग से प्रतियोगिता सफल रही इस मौके पर उमेश पाल ने भूतपूर्व सैनिक मान सिंह पाल को भारत के संविधान की प्रतियां भेंट की और साथ ही विजेताओं को हौसला आफजाई में उनको अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने की हिम्मत भी दी और सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# पचास सालों में जो नही हुआ काम वो हमने साढ़े चार साल की सरकार में किया : विधायक संजय गुप्ता

**जायल विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि गुंडे माफियाओं की सरकार हुआ करती थी पूर्ववर्ती सरकार लूटेरे बलात्कारियों और हत्यारों को दिया करती थी शरण**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अपने विधानसभा के नवगठित नगर पंचायत चरवा के वार्ड नंबर 1 में पनवरिया मोहल्ले में जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजम किया जन चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से चायल विधायक ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाया इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में गुंडे माफिया बलात्कारी अपराधी शरण पाते थे लेकिन योगी सरकार ने अपराधियों माफियाओं गुंडों को जेल भेज दिया है उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर 50 वर्षों से इलाके में विधायकों ने विकास नहीं किया था उन्होंने कहा कि साढे 4 वर्षों के समय में योगी सरकार के निर्देश पर चायल विधानसभा का जोरदार तरीके से विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि चरवा नगर पंचायत बनने से सैकड़ो लोगो को रोजगार प्राप्त हुआ है साथ ही विधायक ने सभी लोगो से नशा मुक्त होने की अपील किया और कहा कि अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दे जिससे बच्चे बड़े होकर स्वालंबी बने।चायल विधायक ने पूर्ववर्ती सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार गुंडे माफियाओं की सरकार हुआ करती थी लूटेरे बलात्कारियों और हत्यारों को शरण दिया करती थी परंतु योगी सरकार ने ऐसा डंडा चलाया कि सभी बड़े बड़े गुंडो को जेल भेज कर आज समाज मे शांति का माहौल कायम किया। साथ ही विधायक ने कहा कि 50 सालों में जो दर्जनों विधायको ने नही किया वह मैने साढ़े चार साल की सरकार में आपका बेटा बनकर काम किया है कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा कार्यकताओं के साथ स्थानीय लोग मौजूद रहे।


उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते चायल विधायक संजय गुप्ता

# तीन करोड की लागत की सड़को का चायल विधायक ने किया भूमि पूजन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने विधान सभा चायल के बरई सलेमपुर (सगरा) में तीन करोड़ पंद्रह लाख रुपये से बनने वाली कई सड़को का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। बरई सालेमपुर सगरा से अमृत लाल पटेल के घर से कुटी तक मार्ग का छप्पन लाख पैसठ हजार की लागत से नव निर्माण कार्य मूरतगंज नौगिरा मार्ग से बरई सलेमपुर सगरा तक बीस लाख तिरानबे हजार से नव निर्माण कार्य बराई सलेमपुर बहरा भैयालाल के नलकूप से कुटी तक का इकसठ लाख उंचास हजार रुपये से नव निर्माण कार्य बदनपुर घाट से कोटेदार के घर तक पट्टी नरवर गांव तक नब्बे लाख अठारह हजार रुपये से नव निर्माण कार्य बदनपुर घाट से उच्च वा बरगद के पेड़ तक नसीरपुर मार्ग का तेईस लाख तिरपन हजार रुपये से नव निर्माण कार्य इब्राहिम नवीरा से गंगा किनारे घाट तक का कार्य बासठ लाख छत्तीस हजार रुपये से नव निर्माण कार्य सहित तमाम कार्य शामिल है कुल लागत तीन करोड पंद्रह लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़को का भूमि पूजन कर विधायक ने कई गांव के लोगो को सौगात दिया विधायक ने कहा कि इससे पहले पूर्ववर्ती सरकारों ने इन सड़कों को क्यो नही बनवाया किसने मना किया था कि विकस न करे इस लिए आप सब से अपील है कि हमे अपने चायल को बंगला देश नही बनने देना है आज भाजपा सरकार में विकास तो हुआ ही मगर सब को सम्मान के साथ जीने का हक मिला है कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिव मोहन मौर्य मंडल अध्यक्ष मनोज शुक्ला राममिलन चौधरी भीम पटेल राहुल विश्वकर्मा अशोक गोस्वामी प्रधान जिया लाल पटेल जिला महामंत्री पिछड़ा मोर्चा सूरज यादव पीडब्ल्यूडी के अधिकारीगण सहित क्षेत्र के जनमानस उपस्थित रहे।


भूमि पूजन कर सड़कों का शिलान्यास करते चायल विधायक संजय गुप्ता

# मंझनपुर कस्बे में आखिर कब रुकेगा सरकारी भूमि पर कब्जे का सिलसिला

**नया नगर प्रथम और गांधी पार्क के पास हो रही सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा**

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के गांधी नगर मोहल्ले में पाता पार्क के पास तालाब की भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा हो रहा है बताया जाता है कि एक सरकारी कर्मी द्वारा तालाब की भूमि पर पशु बांधने के बहाने कब्जा करना शुरू कर दिया गया है कई बार लोगों ने मामले की अधिकारियों को जानकारी दी लेकिन सरकारी कर्मचारी के अवैध कब्जे पर रोक नहीं लग सकी है बताया जाता है कि गांधीनगर में पार्क के पास तालाब की भूमि पर कब्जा हो रहा है। इसी तरह मंझनपुर मुख्यालय के प्राथमिक स्कूल नया नगर प्रथम मरघट के पास सरकारी जमीन में तमाम भवन बनाए जा चुके हैं नया नगर प्रथम में सरकारी विद्यालय के पास तालाब की भूमि पर बेखौफ तरीके से कब्जे का खेल वर्षों से चल रहा है लेकिन सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में तहसील प्रशासन मूक दर्शक बनकर तमाशा देख रहा है आखिर कब तक सरकारी भूमि और तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे होते रहेंगे सूत्रों की माने तो राजस्व लेखपाल अवैध कब्जा धारकों से दस बीस हजार रुपये घूस की रकम लेकर अधिकारियों को गुमराह कर देते हैं करोड़ों की जमीन पर राजस्व लेखपालों के सहयोग से कब्जा हो चुका है रोडवेज बस स्टॉप के सामने भी कई जमीनों पर अवैध तरीके से कब्जे हो चुके हैं मंझनपुर कस्बे क्षेत्र में एक के बाद एक दर्जनों भूमि पर अवैध कब्जे राजस्व निरीक्षकों की सांठगांठ से हुए हैं नगरपालिका के जिम्मेदारों की भी भूमिका सरकारी भूमि पर कब्जे के मामले में सवालों के घेरे में है मंझनपुर क्षेत्र की सरकारी भूमि पर कब्जा के मामले में आला अधिकारियों ने जांच कराई तो दर्जनों सरकारी भूमि कब्जा धारकों के चंगुल से मुक्त हो सकती है।

# बारूद के ढेर पर फिर कौशांबी अधिकारी बने हैं उदासीन

**बीते वर्ष कई लोगों की हो चुकी है मौत फिर भी नहीं जागा प्रशासन**

**अवैध तरीके से संचालित बारूद कारखानों से चंद रुपये लेकर मौत का सौदा करती है थाना पुलिस**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जिले में बारूद से अवैध पटाखे बनाने का खेल का रिश्ता पुराना है बिना लाइसेंस बारूद के पटाखे बनाने के दर्जनों कारखाने बेखौफ तरीके से जिले के कोखराज पिपरी सैनी मंझनपुर करारी पश्चिम सरीरा चरवा सराय अकिल पइंसा सहित विभिन्न थाना क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं चंद रुपयों की लालच में स्थानीय थाना पुलिस मौत का खेल खेलने वाले लोगों से अपनी जेब भरकर जुबान बंद कर लेती है जिससे बारूद के कारखाने बेखौफ तरीके से चलते रह जाते है बीते वर्ष कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में पटाखा बनाते समय ब्लास्ट हो जाने से कई लोगों की मौत हो गई थी इसके पूर्व भी बारूद कारखाने में कई हादसे हो चुके हैं लेकिन तमाम मौत के बाद भी पुलिस प्रशासन ने सक्रियता दिखाना नहीं शुरू किया है अवैध बारूद के कारखाने बेखौफ तरीके से फिर चल रहे हैं आखिर मौत के इस खेल में थाना पुलिस कब तक धनादोहन करती रहेगी स्थानीय पुलिस के संरक्षण के चलते अवैध बारूद कारखानों के संचालन में लगे लोगों के हौसले बुलंद हैं जिले में छोटे छोटे पटाखे बेचने के लाइसेंस लेकर बारूद कारखाना चलाने वाले आला अधिकारियों को गुमराह करते हैं थाना पुलिस चंद रुपए लेने के बाद अधिकारियों को गुमराह करके बताती हैं कि उनके पास बारूद के पटाखे बनाने के लाइसेंस है और थाना पुलिस की बातों में विश्वास कर आला अधिकारी बारूद के कारखाने को चलाने की मौन स्वीकृति देते हैं दीपावली के पर्व के साथ साथ पूरे वर्ष चलने वाले दर्जनों अवैध बारूद कारखानों पर कठोर कार्यवाही कर संचालकों को पुलिस गिरफ्तार कर कब जेल भेजेगी।

# एक घंटे में टूटा जीवन जीवन का अटूट बंधन

**कौशांबी।** एक दूसरे के साथ जीवन जीवन एक दूसरे का साथ निभाने का सपना एक घंटे में चकना चूर हो गया वह भी करवा चौथ जैसे पवित्र व्रत के एक दिन पहले ना कोट ना कचहरी का चक्कर लगाना पड़ा बल्कि पंचायत के बीच एक विवाहित जोड़े का संबंध विच्छेद कर दिया गया है। कोख राज थाना क्षेत्र के दरवेश पुर के दरबारी लाल पांडेय ने अपनी बेटी रानी की शादी मंझन पुर थाना क्षेत्र के टेवा गाँव के शीतला प्रसाद तिवारी के बेटे राम मूरत तिवारी के साथ शादी जून 2017 मे की थी रानी विगत तीन माह पहले ससुराल टेवा से मायका दरवेश पुर चली गयी इस बीच रानी और पति के बीच विवादों का सिलसिला शुरू हुआ और वह पति पर शराबी होंने का अरोप लगाकर ससुराल जाने से उसने इंकार कर दिया जिसकी पंचायत 23 अक्तूबर को रानी के बुआ के घर कोख राज के असवा गाँव में हुई जिसमें दोनों पक्षो के परिवारों के लोग मौजूद रहें पंचायत के बीच आपसी ताल मेल नहीं बन सका रानी ने ससुराल जाने से इंकार कर दिया जिस पर सौ सौ रुपये के दो स्टैंप पेपर भरवारी से मंगाया गया और स्थानीय पुलिस चौकी से पुलिस बुलाकर एक शिकायती प्रार्थना पत्र रानी की सहमति से लिख कर पति के द्वारा प्रताड़ित और शराब का लती होने का आरोप लगाकर चौकी इंचार्ज को संबोधित दिया गया जिस पर पुलिस ने भरकस समझाने का प्रयास किया कि एक दूसरे से अलग-न हो लेकिन रानी अपनी जिद पर कायम रही और ससुराल जाने से इंकार करती रही तब आपसी सहमति बनी और रानी के स्टंप पेपर पर चार लाइन लिख कर दोनों पति पत्नी अपने अपने हस्ताक्षर कर एक दूसरे से अलग हो गयें और दोनों के पिता शादी संबंध टूटने के गवाह बने रहे इधर पति करवा चौथ का समान खरीद चुका था जो धरा का धरा रह गया और दोनों पक्ष राजी खुशी रहें कोर्ट न कचहरी तुरंत हुआ फैसला रानी ने पिता के घर रहने का लिया फैसला मयूस पति वापस अपने घर को चला गया।

# भगवानपुर बहुंगरा की सदस्य ने लगाया ग्राम प्रधान पर गबन का आरोप

**सपथपत्र के माध्यम से मुख्य विकाश अधिकारी कौशाम्बी को दिया शिकायती पत्र, खण्ड विकाश अधिकारी नेवादा पर लगाया कार्यवाही न करने का आरोप**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नेवादा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा भगवानपुर बहुंगरा मैं विकास कार्यों में बड़ी धांधली सामने आई है गांव की निर्वाचित सदस्य मुनिया देवी ने सपथपत्र के माध्यम से ग्राम प्रधान पर कई मामलों में फर्जी तरीके से सरकारी रकम दुरुपयोग किए जाने का आरोप लगाया है ग्राम पंचायत सदस्य ने ग्राम सचिव के मिलीभगत से ग्राम सभा के पैसे निकाले जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत मुख्य विकाश अधिकारी से किया है

**पहला आरोप :** मुनिया देवी ने आरोप लगाया कि सन्न 2019-20 में आपत्रो को आवास आवंटित किया गया था जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से की गई थी।खंड विकास अधिकारी मौके पर जांच किया शिकायत सही पाए जाने पर भी खंड विकाश अधिकारी द्वारा जिम्मेदारों पर कायवाही नही किया गया।

**दूसरा आरोप:** कौशाम्बी वर्तमान प्रधान गनेसी देवी ने अपनी निजी खेत समतलीकरण हेतु 179729 रु का भुकतान कराया गया जबकि ग्रामप्रधान के घर के सभी सदस्य सरकारी कर्मचारी है।

**तीसरा आरोप :** ग्राम प्रधान अपने ही परिवार के सदस्य का मस्टररोल बनाकर भुकतान करवा रहा है।

**चौथा आरोप :** ग्राम प्रधान ने ब्यक्तिगत लगाय गए हैंडपम्प का रिबोर दिखा कर फर्जी तरीके से 322950 रु का भुकतान करा लिया।जबकि ग्राम सभा के सभी सरकारी हैंडपम्प पहले से सुचारू रूप से चल रहे थे।

**पांचवा आरोप :** ग्राम प्रधान द्वारा सरकारी नलकूप से बहूँगारी सरहद तक कि नाली की खुदाई करवाय बिना 246432 रु का भुकतान करा लिया गया।इस संबंध में खंड विकाश अधिकारी नेवादा द्वारा मौके पर जाकर जांच नही किया गया।प्रार्थी ने पूर्व में भी कई उच्च अधिकारियों को सपथपत्र के माध्यम से जिम्मेदारों के खिलाफ कार्यवाही की मांग किया परंतु जिले के कर्मचारी इतने जिम्मेदार है कि आज तक भ्रस्टाचार करने वालो के खिलाफ कोई कार्यवाही नही किया।

### हांथ धोकर संक्रमण को दी जा सकती है मात : बीएसए

**कौशाम्बी।** कोरोना संकट के कारण लोगों में हाथ धोने की जागरूकता आयी है। इस आदत को अपनाने से कोरोना के अलावा अन्य कई संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है। संक्रमण व बीमारियों से बचाव व जागरूकता हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह ने जनपद के विद्यालयों में 16 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक ग्लोबल हैंड वाशिंग दिवस मनाये जाने के संबंध में निर्देश दिए थे। समापन कार्यक्रम के इसी क्रम में कड़ा विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय सौरई बुजुर्ग में प्रधानाध्यापक अजय कुमार साहू के नेतृत्व में समापन सप्ताह मनाया गया।इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा के अधीक्षक डॉ. सिंह व डॉ. हसनैन ने विद्यालय के बच्चों को हाँथ धुलने के तरीके व उनके फायदों से सम्बंधित जानकारी दी।

## सम्पादकीय

### बीएसएफ की सीमा

राज्य सरकारों के असंतोष या उनकी असहमति का सार्वजनिक रूप से जाहिर होना ऐसे संभावित टकराव की जमीन को मजबूत करता है। जाहिर है, इस प्रकरण में ऐसा बहुत कुछ हो चुका है जो नहीं होना चाहिए था और जो थोड़ी सी सावधानी से टाला जा सकता था। केंद्र सरकार ने अपने एक हालिया फैसले के जरिए पाकिस्तान और बांग्लादेश सीमा से सटे राज्यों- असम, पश्चिम बंगाल और पंजाब- में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का अधिकार क्षेत्र 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक, यह फैसला हाल के दिनों में सीमा पार गतिविधियों में हुए अप्रत्याशित इजाफे और ड्रोन के बढ़ते इस्तेमाल से पैदा हुए विशेष खतरों के मद्देनजर किया गया है। मगर कुछ राज्य सरकारें इसे अपने अधिकार क्षेत्र में अनावश्यक दखल के रूप में ले रही हैं। पश्चिम बंगाल और पंजाब की सरकारों ने इस फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग की है।

निश्चित रूप से यह विवाद दुर्भाग्यपूर्ण है। देश की सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता से जुड़े ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर हमारी सरकारें इस तरह एक-दूसरे से सार्वजनिक तौर पर उलझती दिखें तो उसका संदेश अच्छा नहीं जाता है। लेकिन इसका हल एक-दूसरे को ऐसे मसले पर राजनीति न करने का सार्वजनिक उपदेश नहीं हो सकता। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन के बढ़ते इस्तेमाल ने हमारी सुरक्षा एजेंसियों को विशेष तौर पर चिंतित किया है। इस विशेष चुनौती से निपटने के लिए उनके अधिकार क्षेत्र की सीमाओं को थोड़ा विस्तृत करने की जरूरत जायज तौर पर महसूस की गई हो, यह बिल्कुल संभव है। लेकिन यह समझना मुश्किल है कि इसके बाद नोटिफिकेशन जारी करने से पहले संबंधित राज्यों से विचार-विमर्श करके उन्हें विश्वास में लेने की प्रक्रिया क्यों नहीं अपनाई गई। यह नौबत क्यों आई कि फैसला लागू होने की घोषणा के बाद विपक्ष शासित राज्यों के मुख्यमंत्री इसे देश के संघात्मक ढांचे पर हमला बताने लगे उनका पक्ष पहले सुन लिया जाता तो यह विरोध सार्वजनिक नहीं होता। तब यह भी संभव था कि उनकी चिंताएं दूर करने की कोई राह निकल आती। आखिर कानून व्यवस्था का सवाल राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है। अंतरराष्ट्रीय सीमा से 50 किलोमीटर तक का दायरा किसी केंद्रीय एजेंसी के अधिकार क्षेत्र में देने से राज्य और केंद्र की एजेंसियों के बीच टकराव की नौबत आने की आशंका बढ़ जाती है। हो सकता है बीएसएफ की किसी कार्रवाई से कानून व्यवस्था की चुनौती खड़ी हो जाए। राज्य सरकारों के असंतोष या उनकी असहमति का सार्वजनिक रूप से जाहिर होना ऐसे संभावित टकराव की जमीन को मजबूत करता है। जाहिर है, इस प्रकरण में ऐसा बहुत कुछ हो चुका है जो नहीं होना चाहिए था और जो थोड़ी सी सावधानी से टाला जा सकता था। फिर भी अभी बहुत देर नहीं हुई है। सार्वजनिक बयानबाजी से मामला सुलझने के बजाय और उलझता जाएगा। बेहतर होगा कि संबंधित राज्य सरकारों से अविलंब बातचीत शुरू करके उनकी शिकायतों पर गौर किया जाए। ऐसे संवेदनशील मसलों पर में कोई भी कदम तभी सफल होगा, जब वह पूरे तालमेल के साथ उठाया जाए।

# देशभक्ति पाठ्यक्रम का राजनैतिक दांव

**सर्वमित्रा सुरजन**

देश में अब जो राजनैतिक माहौल बन चुका है और आम लोगों को जिस उन्मादी मानसिकता के मुताबिक ढाला जा चुका है, उसमें देशभक्ति एक ऐसा औजार है, जो सत्ता हासिल करने में कारगर साबित हो सकती है। सत्ता के मर्ज के लिए देशभक्ति ऐसा रामबाण है, जिसे भाजपा को भी चुपचाप खाना ही पड़ेगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रवाद की राजनीति में अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी भाजपा को पछाड़ते हुए एक ऊंची छलांग लगाई है। ना, ना ये वो ऊंची छलांग नहीं है, जो असम में पुलिस की गोली से मारे गए एक किसान के ऊपर से एक फोटोग्राफर ने लगाई थी। ऐसी ऊंची छलांगें तो अक्सर आपके भीतर पैठी नफरत का सच सरेराह खोल कर रख देती हैं। भाजपा को इस सच के खुलने से कोई परेशानी नहीं होती। वह तो शुरु से सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पर चलती आई है। इसलिए उसे हम बहुसंख्यक और वो अल्पसंख्यक वाला फार्मूला खूब जंचता है। अरविंद केजरीवाल अभी राजनीति के उस मुकाम पर नहीं पहुंचे हैं, जहां वे खुलेआम हम और वो वाला भेद दिखा सकें। इसलिए वे अब तक छोटे-छोटे कदम उठा रहे थे। जैसे मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना चलाई, जिसके तहत राजधानी के बुजुर्गों को तीर्थस्थलों का भ्रमण कराया जाता है। इस यात्रा का आयोजन तीर्थयात्रा विकास समिति करती है। दिल्ली सरकार का कहना है कि अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद दिल्ली के बुजुर्गों को राम लला के दर्शन कराएगी। इस बार गणेश चतुर्थी के मौके पर दिल्ली में सिग्नेचर ब्रिज के पास यमुना के किनारे सरकारी खर्च पर भव्य गणेशोत्सव मनाया गया। जिसमें केजरीवाल परिवार के साथ-साथ उनकी सरकार के कई सदस्य मौजूद रहे। इस भव्य कार्यक्रम का टीवी पर प्रसारण किया गया ताकि दिल्लीवासी एक धार्मिक आयोजन में घर बैठे शामिल हो जाएं।

गायक शंकर महादेवन और सुरेश वाडेकर ने इस कार्यक्रम में प्रस्तुति दी। इस मौके पर लोकमान्य तिलक और उनके गणेशोत्सव को याद करते हुए केजरीवालजी ने बच्चों के लिए संदेश दिया कि गणेशोत्सव के माध्यम से उनमें आध्यात्मिकता और देशभक्ति के मिश्रण को विकसित करना चाहिए। भाजपा शायद यहां भी अरविंद केजरीवाल के आगे चूक गई। भाजपा इधर गांधीजी, सरदार पटेल, नेताजी बोस पर ही अपना अधिकार जमाने में लगी थी कि अरविंद केजरीवाल ने धीरे से तिलक पर कब्जा करने की चाल चल दी। भाजपा के कुछ लोग गीता को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करवाना चाहते हैं, लेकिन इसमें भी अरविंद केजरीवाल ने अपनी हिस्सेदारी बतला दी। जब प्रधानमंत्री मोदी ने पहली कोरोना लहर में लॉकडाउन घोषित किया था, उस वक्त दिल्ली में बसे हजारों प्रवासियों ने पैदल ही अपने घर का रुख किया था। लोगों के पास एक वक्त के खाने का, रहने का इंतजाम नहीं था और तब दिल्ली के मुख्यमंत्री लोगों से अपील कर रहे थे कि जो जहां है वहीं रहे, मैं सबके रहने-खाने का इंतजाम करूंगा। हालांकि इस अपील के बावजूद इस देश ने विभाजन जैसा त्रासद नजारा देखा, जब बेसहारा लोग भरी गर्मी में तपती सड़कों पर बिना किसी सुविधा, संसाधन के निकल पड़े। जाहिर है लोगों में कहीं न कहीं अपनी निर्वाचित सरकार के प्रति अविश्वास की भावना रही होगी। बहरहाल, अरविंद केजरीवाल ने उस वक्त एक और सलाह दी थी कि लॉकडाउन के 18 दिन बचे हैं। ऐसे में अगर आप चाहें तो गीता के 18 अध्याय का पाठ करें। मैं और मेरी पत्नी ने आज से यह शुरू किया है। तीर्थयात्रा, गीता पाठ, गणेशोत्सव, खुद को राम और हनुमान का भक्त बताने के बाद अब अरविंद केजरीवाल ने धर्म और राष्ट्रवाद का एक बड़ा राजनैतिक दांव चला है। मंगलवार को शहीदे-आजम भगत सिंह की जयंती पर उन्होंने दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम से स्कूलों में देशभक्ति पाठ्यक्रम शुरु करने का ऐलान किया। हालांकि इससे एक दिन पहले 27 सितंबर को जब किसानों ने भारत बंद किया था, तो उस दिन केजरीवाल जी ने किसानों का साथ देते हुए ट्वीट किया था कि ये दुख की बात है कि किसानों को भगत सिंह जी के जन्मदिन पर भारत बंद का आह्वान करना पड़ रहा है। पता नहीं दो-दो दिन भगत सिंह की जयंती बताने की भूल का अहसास अरविंद केजरीवाल को हुआ है या नहीं। लेकिन उन्हें इस बात का अहसास ही नहीं, पूरा यकीन है कि देश में अब जो राजनैतिक माहौल बन चुका है और आम लोगों को जिस उन्मादी मानसिकता के मुताबिक ढाला जा चुका है, उसमें देशभक्ति एक ऐसा औजार है, जो सत्ता हासिल करने में कारगर साबित हो सकती है। सत्ता के मर्ज के लिए देशभक्ति ऐसा रामबाण है, जिसे भाजपा को भी चुपचाप खाना ही पड़ेगा। देशभक्ति पाठ्यक्रम नर्सरी से कक्षा 12 तक लागू होगा। इसकी कोई अलग पाठ्यपुस्तक नहीं होगी। सहायक छोटी पुस्तिका होंगी जो तीन समूहों के लिए डिजाइन की गई हैं- नर्सरी से पांचवी कक्षा तक, छठी से आठवीं कक्षा तक और नौवीं से 12वीं कक्षा तक। कक्षा 9 से 12 के पाठ्यक्रम को छह घटकों में बांटा गया है। इसमें देशभक्ति ध्यान के तहत रोजाना बच्चों को कुछ गतिविधियां करनी होंगी। देशभक्ति डायरी होगी, जिसमें बच्चा देशभक्ति पाठ्यक्रम से संबंधित कराए गए कामों से अपने अनुभवों को उसमें लिखेगा। उसे गृहकार्य भी दिया जाएगा। समूह चर्चा और कक्षा गतिविधि होगी, जिसमें बच्चा किसी भी माध्यम से अपने विचार को सबके सामने रखेगा। वहीं छठवीं से आठवीं के बच्चों के लिए समूह और क्लास गतिविधि के बजाय समापन गतिविधि और फ्लैग डे रखा गया है। इसमें बच्चे खुद से तिरंगा बनाएंगे इसके साथ ही चर्चा के दौरान किसी विषय पर अपनी बात रखेंगे।

देशभक्ति पाठ्यक्रम की घोषणा करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले 74 सालों में हमें अपने स्कूलों में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और गणित पढ़ाया गया, लेकिन बच्चों को देशभक्ति नहीं पढ़ाई गई। देशभक्ति हम सभी के अंदर है, लेकिन इसे प्रेरित करने की जरूरत है। दिल्ली का हर बच्चा सच्चे अर्थों में देशभक्त होगा। देशभक्ति पाठ्यक्रम देश के विकास में सहायक सिद्ध होगा और भारत को तेजी से आगे ले जाएगा। बच्चों में देशभक्ति का जज्बा पैदा करने के लिए पाठ्यक्रम के जरिए हर साल स्वतंत्रता सेनानी से लेकर सामाजिक आंदोलनों से जुड़े लोगों के बारे में पढ़ाया जाएगा। इससे बच्चों को देशभक्ति के मायने समझाने के साथ उनसे प्रेरणा मिलेगी। अरविंद केजरीवाल की यह चिंता है कि देशभक्त पेशेवर विकसित नहीं हो रहे हैं। इसलिए देशभक्ति पाठ्यक्रम के जरिए देशभक्त इंजीनियर, देशभक्त डॉक्टर, देशभक्त वकील बनाए जाएंगे। वहीं उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि हम भगत सिंह, हेमू कलानी, झांसी की रानी और तात्या टोपे की लड़ाइयों के बारे में बात करते हैं, लेकिन हम कभी इस बात पर चर्चा नहीं करते कि ऐसा क्या हुआ कि उन्हें लड़ाई लड़नी पड़ी। उनके मुताबिक देशभक्ति पाठ्यक्रम इस कमी को पाटेगा। मनीष सिसोदिया प्रबुद्ध इंसान हैं, क्या उन्हें नहीं पता कि इतिहास की लड़ाइयों का कारण और विश्लेषण इतिहास के अध्ययन से ही संभव है। अगर बच्चों को आजादी के नायकों या उससे पहले मध्ययुगीन लड़ाइयों के बारे में बताना है, तो इतिहास से उन्हें परिचित कराना होगा। वो इतिहास जिसमें भारत के भारत बनने की कहानी दर्ज है। जैसे किसी बच्चे को मां-बाप, अपने परिजनों से प्यार करना सिखाया नहीं जाता, वह अपने आसपास के माहौल को देखते हुए ही सब सीख जाता है। उसी तरह देश से प्यार करना भी किसी पाठ्यक्रम से सिखाया नहीं जा सकता। बच्चे अपने विद्यालय के माहौल, शिक्षकों के व्यवहार, नेताओं के आचरण, अधिकारियों के बर्ताव को बड़ी बारीकी से देखते हैं, आत्मसात करते हैं और फिर वही चीज उनके व्यवहार में झलकती है। और इस देशभक्ति के पाठ्यक्रम में जो सामग्री तैयार की जाएगी, उसे तैयार करने वाले कौन लोग होंगे, उनकी ईमानदारी, एकनिष्ठता और देशप्रेम के क्या सबूत हैं। क्या दिल्ली सरकार में तमाम लोग इन गुणों से संपन्न हैं। क्या प्रशासन में सारी बेईमानी खत्म हो गई है, क्या मंत्रियों में सदाचार कूट-कूट कर भर गया है। क्या अरविंद केजरीवाल ने देशभक्ति किसी पाठ्यक्रम से हासिल की, या जिस आईआईटी में उन्होंने पढ़ाई की, वहां उन्हें इस किस्म का कोई ज्ञान दिया गया। क्या जिस अनन आंदोलन से उन्होंने अपार लोकप्रियता हासिल की और फिर सत्तासुख प्राप्त किया, उसमें सारे लोग देशभक्त थे और क्या यह उस देशभक्ति का ही कमाल है कि आज भारत एक ऐसे दौर में पहुंच गया है, जहां मॉब लिंचिंग, टुकड़े-टुकड़े गैंग, पाकिस्तान चले जाओ, जैसी शब्दावली राजनीति की आम भाषा बन चुकी है। क्या चुनाव जीतने के लिए जाति, धर्म के समीकरण बिठाना, घोषणापत्र में लुभावने वादे करना, विरोधियों की आलोचना करना, ये सब देशभक्ति के तहत आएंगे, अगर नहीं तो क्या केजरीवाल जी आगामी चुनाव में इन पैंतरों का इस्तेमाल नहीं करेंगे। संघ की शाखाओं में भी उनकी विचारधारा के हिसाब से राष्ट्रप्रेम ही सिखाया जाता है। दिल्ली के स्कूलों की देशभक्ति और इस राष्ट्रप्रेम में क्या अंतर रहेगा। इतिहास, राजनीति शास्त्र और उसमें भी संविधान के पाठ, इनकी सही व्याख्या से विद्यार्थियों को भारत के बहुलतावादी, उदार, लोकतांत्रिक चरित्र से परिचित कराया जा सकता है। इन्हें ईमानदारी से पढ़ाया जाए तो देश की सही समझ अपने आप आ जाएगी और यही सच्ची देशभक्ति होगी।

# धर्म को बदनाम करने वाले गुरमीत राम रहीम सिंह को अब पाप कर्म त्याग देने चाहिए

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

अब 19 साल बाद अकाट्य प्रमाणों के आधार पर अदालत ने इन पांचों हत्यारों को सजा सुनाई है। रामरहीम ने अदालत से दया की अपील की थी। अदालत ने उसे फांसी पर नहीं लटकाया। सिर्फ जेल में रहने के लिए कहा। क्या यह सजा हैरामरहीम को खुश होना चाहिए। डेरा सच्चा सौदा के गुरमीत रामरहीम सिंह को अब आजीवन कारावास की सजा हुई है। वह पहले दो महिलाओं के साथ बलात्कार करने और एक पत्रकार की हत्या के अपराध में 20 साल की सजा काट रहा था। अब उसे अपने तथाकथित आश्रम के एक प्रबंध की हत्या के आरोप में दुबारा सजा हुई है। प्रबंधक रणजीतसिंह पर रामरहीम इसलिए कुपित हुआ कि उसकी बहन से उसने तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को एक गोपनीय चिट्ठी लिखवाई थी, जिसमें रामरहीम के सारे काले-कारनामों का भंडाफोड़ किया गया था। वह चिट्ठी सार्वजनिक भी हो गई थी। इसी बात से चिढ़कर रामरहीम ने अपने चार चेलों को रणजीत की हत्या का बीड़ा सौंपा था। 10 जुलाई 2002 को गोली मारकर रणजीत की हत्या कर दी गई। अब 19 साल बाद अकाट्य प्रमाणों के आधार पर अदालत ने इन पांचों हत्यारों को सजा सुनाई है। रामरहीम ने अदालत से दया की अपील की थी। अदालत ने उसे फांसी पर नहीं लटकाया। सिर्फ जेल में रहने के लिए कहा। क्या यह सजा हैरामरहीम को खुश होना चाहिए। अब उसे जेल का मुफ्त खाना मिलेगा, कपड़े मिलेंगे और बीमारी का बहाना बना ले तो मुफ्त में दवा-दारू मिलेगी। इसके अलावा सबसे बड़ी बात यह है कि उसे पक्की सुरक्षा मिलेगी। जिन दर्जनों लड़कियों के साथ उसने बलात्कार किया है और जिन लोगों की उसने हत्या करवाई है, उनके रिश्तेदार चाहते हुए भी उसका बाल बांका नहीं कर सकेंगे। अब राम रहीम जितने वर्ष भी जेल काटेगा, आराम से रहेगा। उसे डेरा सच्चा सौदा की तरह कोई ढोंग फैलाने की जरूरत नहीं होगी। वह सादा जीवन जी सकेगा। पाप कर्मों से वह अपने आप को दूर रख सकेगा।

लेकिन एक डर है। वह यह कि जेल में कई रसूखदार लोग स्वराज्य की स्थापना कर लेते हैं। कुख्यात हत्यारे, तस्कर, डकैत, ठग वगैरह किसी भी जेल में अपनी हुकूमत कायम कर लेते हैं। अभी कुछ दिनों पहले दिल्ली की एक जेल के दर्जनों अधिकारियों को मुअत्तिल किया गया है, क्योंकि वे दो ठगों के इशारे पर उनका पूरा व्यावसायिक तंत्र वहां से चला रहे थे लेकिन मैं सोचता हूं कि रामरहीम, आसाराम और नित्यानंद जैसे लोगों को चाहिए कि वे अब अपना शेष जीवन सात्विक ढंग से जिएं। उनसे जो भी पाप हुए, उन्हें वे भूल जाएं और जो सत्कर्म उन्होंने किए हैं, उन्हें वे याद करें। उन्होंने अपना पाखंड खूब फैलाया लेकिन इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता कि उनके हाथों परोपकार के भी कई उल्लेखनीय कार्य हुए। उन्होंने अपने कुकर्मों से अपना निजी जीवन बर्बाद किया लेकिन वे उपदेशों का जो ढोंग रचाते रहे, उसके कारण सैंकड़ों-हजारों लोगों के जीवन में कुछ न कुछ सुधार जरूर हुआ। यह ठीक है कि उनकी वजह से धर्म-ध्वजी कलंकित हुए लेकिन हमारे देश में अब भी कई परम पावन संन्यासी, साधु, पादरी, मौलाना, पंडित और गुरुजन हैं, जो करोड़ों लोगों के प्रेरणा-स्त्रोत हैं। ये घटनाएं सभी धर्मों के भक्तजन के लिए एक गंभीर चेतावनी की तरह हैं। हर किसी चमत्कारी व्यक्ति पर विश्वास करने के पहले उसके आचरण को तर्क और अनुभव की तुला पर तौलिए। यदि आप यह नहीं करेंगे तो वह खुद तो डूबेगा ही, आपको भी ले डूबेगा।

# हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने में बाधक तत्त्व और उनका समाधान

**डॉ. सुधा कुमारी**

हिन्दी को राजभाषा की गद्दी पर बिठाकर भी हम उसे राष्ट्रभाषा या लोक- संपर्क की भाषा बनाने में आजतक सक्षम नहीं हो पाए हैं। हिन्दी-बहुल राज्यों को छोड़ बाकी सभी जगहों में जहाँ प्रांतीय भाषाएँ बोली जाती हैं, अंग्रेजी ही राजकार्य में सहयोगी भाषा है। स्वतंत्रता-संग्राम के समय हिन्दी केवल नेहरू, गाँधी, तिलक, सुभाष आदि की नहीं, आम आदमी की भाषा थी। फिर भी आज तक इसकी अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई। आज भी अंग्रेजीदां लोग श्रेष्ठता और हिंदीभाषी लोग सामान्यतया हीनता की ग्रंथि से ग्रस्त प्रतीत होते हैं। इस सच्चाई से कतराया नहीं जा सकता कि 'कॉन्वेंट प्रॉडक्ट' और 'हिन्दी मीडियम' के बीच एक मनोवैज्ञानिक दूरी है। और ऐसे में हिंदी की वर्षगाँठ पर जब हिन्दी लहर शुरू होती है तो लगता है कि हिन्दी-प्रेम विश्वासजनित प्रेम नहीं, लबादे की तरह ओढ़ा हुआ दिखावा मात्र है, जिसे मौका मिलते ही हम झटक देना चाहते है। दरअसल, इसका एक बड़ा कारण है- हिन्दी का संस्कृत- भरा तत्सम रूप जो सिर्फ भाषाई पंडितों को रास आता है, आम आदमी को नहीं। वह साहित्य और लेखन की भाषा है- नदी किनारे की मिट्टी से दूर बीच धार के स्वच्छ शुद्ध जल की तरह। किन्तु इस्तेमाल तो तट के पानी का ही किया जाता है।

इसे हिंदी का तद्भव रूप कहना उचित होगा जिसमें उर्दू, अरबी, फारसी, अंग्रेजी और तमाम भाषाओं के शब्द मिले हुए हैं। यही हिन्दी आम आदमी की बातचीत की भाषा रही है। मगर हिन्दी का एक शुद्धिकरण अभियान चल रहा है, जारी की जा रही सरकारी विज्ञप्तियों, कुछ कानूनों के हिंदी अनुवाद और आदेशों की भाषा में संस्कृत का अपूर्व पांडित्य और विकट शब्दचातुर्य दिखता है, हिंदी में विचित्र काट-छाँट कर तोड़- मरोड़कर, पेंचदार भाषा में अजीब रूप में पेश किया जा रहा है। राष्ट्रभाषा के विकास के नाम पर अपनी हिन्दी देवभाषा सोपान (सीढ़ियाँ) चढ़ती दिखाई देती है जो हिन्दी की लोकप्रियता के लिये निश्चित रूप से खतरनाक सिद्ध होगा। अगर इसे कठिन क्लिष्ट रूप में लोगों के समक्ष परोसा जायेगा तो यह अरूचिकर प्रतीत होगा ही। जब भी हिंदी के विकास के नाम पर संस्कृत के कठिन दुरूह शब्दों को हिन्दी के नाम पर परोसा जाएगा, अहिन्दी भाषी लोगों द्वारा हिंदी का विरोध होगा। अतः आवश्यक है कि हिन्दी को लोकप्रिय बनाने के क्रम में हम हिंदी को सरल और सुगम रूप में प्रस्तुत और प्रचारित करें, संस्कृत का कम- से- कम प्रयोग करें। जब राष्ट्रभाषा के विकास की बात करें तो हिंदी का विकास करें, देवभाषा का नहीं। हिन्दी राजभाषा है, सहज स्वीकार्य है। किन्तु संस्कृत राजभाषा नहीं है। वह देवभाषा के रूप में ऐच्छिक भाषा ही रहनी चाहिये। अतः नीति निर्धारकों को पहले यह निणन्य लेना होगा कि राजभाषा कौन है- हिंदी या संस्कृत राष्ट्रभाषा किसे बनाना है - हिंदी को या संस्कृत को संस्कृत के पंडितों को यह नापसंद होगा मगर हिंदी को राष्ट्रभाषा की जगह दिलाने के लिए यह नियंत्रण अति आवश्यक है। ध्यान रखें कि देवभाषा संस्कृत हिंदी यानी राष्ट्रभाषा के ऊपर हावी न हो जाए। हिन्दी तो सहज ग्रहण करने वाली सुगम भाषा है। हिन्दी की प्रतिष्ठा जननी की भाँति है। हिन्दी को सबल बनाना, उसे सहज गति से विकसित होने देना है, हीनता की ग्रंथि से मुक्ति पाकर उसे प्रोत्साहन देना है।

हिंदी के विकास में बाधक दूसरा बड़ा कारण है- नेता तथा उच्च वर्ग की दोहरी नीति। कॉन्वेंट और अंग्रेजी को पानी पी- पीकर कोसनेवाला स्थानीय नेता अपने बच्चों को अंग्रेजी में तुतलाते देखकर उसकी बलैया लेता है, जुगाली करता हुआ 'एक्सीडेंट' की जगह 'स्टूडेंट', 'सॉरी' की जगह 'थैंक्यू' और 'गुड' की जगह 'माई गुडनेस' कहकर अपनी स्थिति हास्यास्पद बना लेता है। थोड़ी चर्चा उच्च वर्ग की भी उचित होगी। अंग्रेजी का पोषक यही वर्ग है। नेता तो जनता के प्रति उत्तरदायी होने के कारण कम से कम हिन्दी प्रेम की बात करते हैं। पर इस वर्ग के समक्ष ऐसी कोई समस्या नहीं होती। हश्र- ये अंग्रेजी से चिपके रहते है। उनके बच्चे ए.बी.सी.डी. पहले सीखते हैं, क, ख, ग, बाद में। नर्सरी राइम पहले, कविता पीछे। डर लगता है कि भारतीय बच्चे को कहीं हिन्दी का रोग न लग जाय। इसीलिए बचपन से ही अंग्रेजी का टीका लगा दिया जाता है।

बचपन से प्रौढ़ अवस्था तक वे अंग्रेजी के ही पिछलग्गू बने रहते हैं। आम जनता से संपर्क का अभाव, नगरीय सभ्यता में ही सदा पलते रहने के कारण वे जमीन से जुड़ नहीं पाते। जनता तो अपने नेता का अनुकरण करती है। नेता तथा उच्च वर्ग सच्चे मन से हिंदी की सेवा करे तो जनता भी उनका अनुकरण करेगी। राष्ट्रभाषा का तीसरा बाधक तत्व है- हिन्दी में तकनीकी पाठ्य- पुस्तकों का अभाव। जहाँ एक ओर मध्य युगीन मुगलिया और इस्लामिक शासन के प्रभाव से हमारे अदालती दस्तावेज, जमीन के कागज और सिनेमा के गाने उर्दू- फ़ारसी शब्दों से भरे हुए हैं वहीं दूसरी ओर अंग्रेजी शासन के प्रभाव से हमारा संविधान, सभी तरह के क़ानून और उच्च शिक्षा हेतु तकनीकी विषयों की पाठ्य-पुस्तकें अंग्रेजी में ही उपलब्ध हैं। तकनीकी विषयों जैसे चिकित्सा, अभियंत्रण, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, खाता- बही लेखा, प्रबंधन, आदि - सब की पढ़ाई अंग्रेजी में ही होती है। मेडिकल की पढ़ाई के बाद शपथ से लेकर ऑपरेशन थिएटर का पूरा परिवेश- दवा, सिरिंज से लेकर ऑपरेशन की प्रक्रिया तक- सबकुछ अंग्रेजी के शब्दों से ही संपन्न होता है।

विचार का विषय यह भी है कि अदालतों के अनगिनत पृष्ठों वाले विद्वतापूर्ण निणन्य तो अंग्रेजी में ही होते हैं जिनमें ग्रीक- लैटिन के ढेर सारे शब्द हीरे-मोती जैसे जड़े होते हैं। आजकल उच्च न्यायालयों में 1000 से अधिक पृष्ठों के अंग्रेजी 'काउंटर- एफिडेविट' भी जनता को बनाने पड़ रहे हैं। तो क्या हम अदालतों, अस्पतालों तकनीकी कॉलेजों में गीता या रामायण जैसी संस्कृत की भाषा का प्रयोग करेंगे। कहीं 'ब्रेन-ड्रेन' या प्रतिभा का पलायन और बढ़ तो नहीं जाएगा हिन्दी का विकास करने के लिये इन सभी मुद्दों पर गंभीर विचार और प्रयास की आवश्यकता है। अंग्रेजी आज न केवल एक समृद्ध और परिष्कृत अंतरराष्ट्रीय भाषा है बल्कि उच्च कोटि के रोजगार की भी भाषा है। सामान्य जन को ज्ञान-विज्ञान की झलक गूगल और यू-ट्यूब आदि द्वारा भी अंग्रेजी की खिड़की से ही मिल रही है। आवश्यक है कि तकनीकी विषयों जैसे चिकित्सा, अभियंत्रण, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, प्रबंधन जिनकी पुस्तकें हिन्दी में उपलब्ध नहीं है और जिनकी नितांत जरुरत है, उनका सरल हिंदी अनुवाद करवाएँ ताकि भारतीयों को अपनी भाषा में उच्च शिक्षा दी जा सके। आजकल अनुवाद के कई साधन- गूगल ट्रांसलेट, माईक्रोसोफ़्ट अनुवादक, ट्रानित, सेहाई, टेक्स्ट ग्रैबर, माई लिंगो, ट्रिप लिंगो आ गए हैं जिनका भरपूर सदुपयोग करना है (यह अलग बात है कि ये भी अंग्रेजी ऐप या गूगल आदि से डाउनलोड करने होते हैं)। इतना ही नहीं, यूनिकोड जैसे सरल प्रोग्राम तथा माइक्रोफोन लगाकर बोलकर लिखनेवाला साधन भी अब सहज उपलब्ध है जिससे हिंदी में लिखना अब आसान हो गया है। हिंदी का प्रोत्साहन अनेक रूपों में हो सकता है। स्कूल, कॉलेज में विषय रखकर, उसका सुगम शब्दकोष तैयार कर, हिन्दी के प्रचार में लगी स्वयंसेवी संस्थाओं को पुरस्कार देकर, हिन्दी की स्तरीय पत्रिकाओं को अहिन्दी भाषी राज्यों में प्रोत्साहन देकर, हिन्दी में श्रेष्ठ तकनीकी पुस्तकों पर पुरस्कार देकर। हिंदी के तकनीकी आलेख- निबंधों को प्रोत्साहन दिया जाए। हिंदी के प्रचार के लिए वैश्विक तौर पर प्रवासी भारतीयों का भी सहयोग लिया जाय। उनमें हिंदी की सरल भाषा में कविता- कहानी विशेषकर बाल- साहित्य का प्रचार हो। उनसे तकनीकी विषयों का अनुवाद भी लिया जा सकता है। इस तरह हम हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के साथ- साथ अंतरराष्ट्रीय विस्तार भी दे सकेंगे। सुखद समाचार है कि इस दिशा में प्रवासी भारतीय भी आगे आकर सहयोग कर रहे हैं और हिंदी मंचों से तथा कई गतिविधियों द्वारा हिंदी का मान बढ़ाने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं।

# नवजोत सिंह सिद्धू ने जो सवाल उठाये हैं उन्हें पूरी तरह गलत नहीं कहा जा सकता

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

चननी की नियुक्ति के समय कहा जा रहा था कि वे तो चुनाव तक कामचलाऊ मुख्यमंत्री हैं। चुनाव तो लड़ा जाएगा, सिद्धू के नाम पर और वे ही पक्के मुख्यमंत्री बनेंगे। लेकिन उनके इस्तीफे ने कांग्रेस को इतना बड़ा झटका दे दिया है कि उसका चुनाव जीतना मुश्किल हो गया है। पंजाब की कांग्रेस में खड़े हुए संकट के फलितार्थ क्या-क्या हो सकते हैं इस संकट का सबसे पहला संदेश तो यही है कि कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की योग्यता पर प्रशन-चिन्ह लग गया है। माँ-बेटा और भाई-बहन पार्टी के नेताओं ने सबसे पहले अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। अमरिंदर क्या अब चुप बैठेंगे वे जो भी निणन्य करें, वे अपने अपमान का बदला लेकर रहेंगे। शीघ्र ही होने वाले पंजाब के चुनाव में अमरिंदर का जो भी पैंतरा होगा, वह कांग्रेस की काट करेगा। दूसरा, नए मुख्यमंत्री के लिए चरणजीत सिंह चननी की नियुक्ति राजनीतिक दृष्टि से उचित थी, क्योंकि अन्य प्रतिद्वंद्वी पाटिन्यां भी अनुसूचित नेताओं को आगे कर रही हैं लेकिन पार्टी अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू का इस्तीफा अपने आप में इतनी बड़ी घटना है कि उसने कांग्रेस पार्टी की रही-सही छवि को भी तार-तार कर दिया है।

सिद्धू ने जो सवाल उठाए हैं, उन्हें गलत नहीं कहा जा सकता। उन्होंने ऐसे मंत्रियों और अफसरों की नियुक्ति पर प्रशन-चिन्ह खड़े कर दिए हैं, जो अकाली पार्टी के घनघोर समर्थक रहे हैं या जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप रहे हैं। लेकिन सिद्धू के इस एतराज़ पर उनका एकदम इस्तीफा दे देना क्या दो बातों का सूचक नहीं है एक तो सिद्धू अपनी उपेक्षा से अपमानित महसूस कर रहे हैं और दूसरा, वे इतने घमंडी हैं कि उन्होंने अपना असंतोष दिल्ली को बताना भी जरूरी नहीं समझा। पार्टी-अध्यक्ष के नाते वे शायद चाहते थे कि हर नियुक्ति में उनकी राय को लागू किया जाए। यदि ऐसा होता तो मुख्यमंत्री चननी रबर की मुहर के अलावा क्या दिखने लगते चननी की नियुक्ति के समय कहा जा रहा था कि वे तो चुनाव तक कामचलाऊ मुख्यमंत्री हैं। चुनाव तो लड़ा जाएगा, सिद्धू के नाम पर और वे ही पक्के मुख्यमंत्री बनेंगे। लेकिन उनके इस्तीफे ने कांग्रेस को इतना बड़ा झटका दे दिया है कि उसका चुनाव जीतना मुश्किल हो गया है। अब पंजाब की कांग्रेस कई खेमों में बंट गई है। अब अमरिंदर और सिद्धू के ही दो खेमे नहीं हैं। अब सुनील जाखड़, सुखजिंदर रंधावा और राणा गुरजीतसिंह के खेमे भी अपनी-अपनी तलवार भांजे बिना नहीं रहेंगे। टिकिटों के बंटवारे को लेकर गृहयुद्ध मचेगा। जो भी अब नया कांग्रेस अध्यक्ष बनेगा या सिद्धू यदि फिर लौटेंगे तो यह मानकर चलिए कि उन्हें कांग्रेस के लकवाग्रस्त शरीर को चुनाव तक अपने कंधों पर घसीटना होगा। कांग्रेस के इस अंदरूनी दंगल ने आप पार्टी, भाजपा और अकाली दल की बांछें खिला दी हैं। यदि सिद्धू को वापस लाया जाता है तो चननी की स्थिति शून्य हो जाएगी और सिद्धू का इस्तीफा मंजूर होता है तो कांग्रेस मस्तकविहीन शरीर बन जाएगी। पंजाब की इस दुर्घटना से यही निष्कर्ष निकलता है कि कांग्रेस-जैसी महान पार्टी अब भस्मासुर का रूप धारण करती जा रही है।



## पाकिस्तानी लड़की ने एमएस धोनी से की मैच हारने की अपील, माही ने दिया मजेदार जवाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूएई और ओमान में खेले जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप 2021 में भारत और पाकिस्तान आमने-सामने है। भारत और पाकिस्तान के बीच कड़ी प्रतिद्वंद्विता होने के बावजूद मुकाबले से पहले उस समय एक मजेदार मूमेंट देखने को मिला जब पाकिस्तान की एक लड़की ने अपने मन की बात कह डाली।

हालांकि पाकिस्तानी महिला फैन ने धोनी से अपनी मन की बात में कुछ और नहीं बल्कि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ मैच हारने की बात कही। पाकिस्तानी लड़की ने कहा कि प्लीज धोनी पाकिस्तान के खिलाफ मैच हार जाओ और अगला मैच जीत जाना। हालांकि इस पर पूर्व भारतीय कप्तान और इस समय बतौर मेंटॉर टीम इंडिया के साथ टी-20 वर्ल्ड कप 2021 में मौजूद धोनी मजेदार जवाब दिया। महामुकाबले से पहले शनिवार को जब टीम इंडिया के खिलाड़ी ट्रेनिंग करके लौट रहे थे, तब वहां मौजूद पाकिस्तानी लड़की ने एमएस धोनी और लोकेश राहुल से कुछ बाते कहीं। वह यह मैच हारने की बात कह रही थी, इस पर धोनी ने उन्हें मजेदार जवाब दिया।

पाकिस्तानी लड़की का यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो गया है। भारतीय खिलाड़ी पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले जब ट्रेनिंग करके लौट रहे थे, तब वहां मौजूद एक पाकिस्तानी लड़की ने लोकेश राहुल से कहा, ' राहुल प्लीज कल अच्छा मत खेलना।' महिला ने ये बातें कई बार दोहराई, जिसका राहुल ने हंसकर कोई जवाब नहीं दिया। इस पर धोनी ने पाकिस्तानी लड़की की बात की बात का जवाब देते हुए कहा, हमारा काम ही ऐसा है।' लड़की ने आगे कहा, 'माही इस मैच को छोड़ दो और अगले मैच को जीत लेना। लेकिन इस मैच में नहीं प्लीज।' धोनी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास के बाद पहली बार टीम इंडिया से जुड़े हैं।

# वर्ल्ड कप में पाक से न हारने का टूटा रिकॉर्ड, 10 विकेट से हारा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूएई और ओमान में खेले जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान की जोड़ी ने इतिहास बदल दिया है। दोनों खिलाड़ियों ने अपने दम पर टीम को भारत के खिलाफ वर्ल्ड कप मुकाबले में 10 विकेट से कभी न भूलने वाली जीत दिला दी है। भारत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कोरबोर्ड पर 151 रन टांगे, जिसके जवाब में पाकिस्तान ने यह लक्ष्य बिना कोई विकेट गंवाए ही हासिल कर लिया। टीम की तरफ से कप्तान बाबर आजम ने 68 जबकि मोहम्मद रिजवान ने 79 रनों की धांसू पारी खेली। टीम इंडिया की तरफ से मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार जैसे दिग्गज गेंदबाज एक भी विकेट नहीं हासिल कर सके।

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने पारी के 13वें ओवर में वरुण चक्रवर्ती के खिलाफ छक्का जड़कर इस मैच में अपनी फिफ्टी पूरी कर ली है। इस ओवर की समाप्ति के बाद टीम का स्कोर भी 100 के पार हो गया।

भारतीय कप्तान विराट कोहली ने अब तक अपने सभी गेंदबाजों को आजमाया है, लेकिन कोई भी बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान की जोड़ी को आउट करने में सफलता नहीं पा सका है। 12 ओवरों के बाद टीम का स्कोर बिना किसी नुकसान के 85 रन है। पाकिस्तान की पारी के आधे ओवरों का खेल हो चुका है और टीम ने यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए



बिना विकेट गंवाए 71 रन बना दिए हैं। यहां बाबर 34 और रिजवान 35 रन बनाकर नाबाद हैं। पाक को यहां से जीत के लिए 60 गेंदों पर 81 रनों की जरूरत है।

भारत को बेशक अब तक विकेट नहीं मिला है, लेकिन पिछले दो ओवरों में भारतीय गेंदबाजों ने कसी गेंदबाजी करते हुए मात्र 9 रन दिए हैं। 8 ओवरों के बाद पाकिस्तान का स्कोर 52-0 है। इस समय बाबर 20 और रिजवान 30 रन बनाकर नाबाद हैं। पाकिस्तान की पारी के पावरप्ले के ओवर खत्म, टीम का स्कोर 43-0 बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान ने भारत के खिलाफ अपनी टीम को शानदार शुरुआत देते पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 43 रन बना लिए हैं। इस समय रिजवान 25 और बाबर 17 रन बनाकर नाबाद हैं।

भारत के रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आते ही अपना जलवा दिखाना शुरू कर दिया है। उन्होंन पाकिस्तान की पारी का चौथा ओवर डाला और मात्र 2 रन दिए। चार ओवरों के बाद पाक का स्कोर 24-0 है। इस समय बाबर 9 और रिजवान 15 रन बनाकर खेल रहे हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने टीम को सधी शुरुआत देते हुए 2 ओवरों में 18 रन जोड़ दिए हैं। रिजवान ने पहले ओवर में भुवनेश्वर के खिलाफ एक चौका और एक छक्का बटोरा। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय कप्तान विराट कोहली का भी विकेट झटक लिया है। यह उनका इस पारी का तीसरा विकेट है। विराट ने यहां पांच चौके और एक छक्के की मदद से 49 गेंदों पर 57 रनों की जोरदार पारी खेली। हार्दिक पांड्या से पहले बल्लेबाजी करने आए रविंद्र जडेजा इस बार कुछ खास नहीं कर सके और 13 रन बनाकर हसन अली के शिकार बने। इसी के साथ भारत ने पांचवां विकेट खो दिया है। 18 ओवर के बाद टीम का स्कोर 127-5 है।भारतीय कप्तान विराट कोहली ने 17वां ओवर डालने आए हसन अली की पहली गेंद पर दो रन चुराकर इस मैच में अपनी फिफ्टी पूरी कर ली है। यह उनकी टी-20 वर्ल्ड कप की 10वीं फिफ्टी है। भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ 15वें ओवर में 100 रनों का आंकड़ा पार कर लिया है। टीम के लिए विराट कोहली 37 रन बनाकर कप्तानी पारी खेल रहे हैं। उनके साथ रविंद्र जडेजा 8 गेंदों पर 6 रन बनाकर खेल रहे हैं।

## जीत के बाद जब मोहम्मद रिजवान ने विराट कोहली को लगाया गले, खूब वायरल हो रही है फोटो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2021 में भारतीय क्रिकेट टीम सुपर 12 के ग्रुप-2 में रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ हाई वोल्टेज मुकाबले में सात विकेट पर केवल 151 रन ही बना सकी और टीम को 10 विकेट से शर्मनाक हार का मुंह देखना पड़ा। इस हार के साथ वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपराजेय रहने का भारत का रिकॉर्ड टूट गया है। वर्ल्ड कप के किसी भी प्रारुप में पाकिस्तान की टीम ने पहली बार भारत को मात दी है और वो भी करारी मात। भारत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कोरबोर्ड पर 151 रन टांगे, जिसके जवाब में पाकिस्तान ने यह लक्ष्य बिना कोई विकेट गंवाए ही



हासिल कर लिया। टीम की तरफ से कप्तान बाबर आजम ने 68 जबकि मोहम्मद रिजवान ने 79 रनों की धांसू पारी खेली। रिजवान ने 55 गेंदों पर छह चौके और तीन छक्के लगाए जबकि बाबर के बल्ले से 52 गेंदों पर छह चौके और दो छक्के निकले। हालांकि हार के बाद कप्तान विराट कोहली ने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को गले लगाकर जीत की बधाई दी। कोहली का यह फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।कोहली ने पाकिस्तान की शानदार जीत के बाद बाबर आजम को लगे लगाकर उन्हें जीत की बधाई दी।

### बाबर आजम-मोहम्मद रिजवान की जोड़ी ने मचाया धमाल, दिग्गज मोहम्मद हफीज और शोएब मलिक को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रविवार 24 अक्टूबर की शाम को कुछ ऐसा हो गया, जो भारतीय क्रिकेट फैन्स ने सपने में भी नहीं सोचा था। यूएई में खेले जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप में बाबर आजम की अगुवाई वाली पाकिस्तान टीम ने सितारों से सजी भारतीय टीम को एकतरफा अंदाज में 10 विकेट से पीट दिया। यह आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप के इतिहास में पाकिस्तान की भारत पर पहली जीत है। पाक की इस ऐतिहासिक जीत को बाबर आजम और विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान की सलामी जोड़ी ने संभव बनाया और पहले विकेट के लिए 152 रनों की साझेदारी करके अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करवा लिया। दोनों खिलाड़ियों के बीच यह पार्टनरशिप भारत के खिलाफ टी-20 क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए सर्वाधिक रनों की पार्टनरशिप है। इससे पहले पाकिस्तान की तरफ से भारत के खिलाफ क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में सबसे बड़ी पार्टनरशिप करने का रिकॉर्ड मोहम्मद हफीज और शोएब मलिक के नाम था।

# महामुकाबले से पहले पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने बताया, भारत के खिलाफ प्रतिद्वंद्विता का उनके लिए क्या मायने है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 विश्व कप 2021 में सुपर 12 स्टेज के ग्रुप-2 में आज दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान एक बार फिर से आमने-सामने होने के लिए तैयार है। भले ही पाकिस्तान की टीम विश्व कप के किसी भी मुकाबले में अबतक भारत को हरा नहीं पाई हो, लेकिन पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को उम्मीद है कि उनकी टीम इस बार टीम इंडिया को चौंकाने में सफल रहेगी। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले पर तमाम क्रिकेट फैन्स की निगाहें लगी हुई है। इस महामुकाबले को लेकर पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने अपनी राय दी है। बाबर का मानना है कि उनकी टीम के खिलाड़ियों के पास इस बार हीरो बनने का मौका है। पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने साथ ही यह भी बताया कि उनके इस लिए भारत के खिलाफ प्रतिद्वंद्विता का क्या मायने है। हसन अली ने बताया कि वह रोहित शर्मा की बल्लेबाजी




से काफी प्रभावित हैं और उनके खिलाफ टीम को सतर्क रहने की जरूरत है। आईसीसी ने ट्विटर पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, इमाद वसीम, शोएब मलिक, शाहीन अफरीदी और मोहम्मद हफीज ने भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले को लेकर अपनी राय दी है। शाहीन अफरीदी ने कहा, 'मेरे लिए यह बहुत ही खास मूमेंट है क्योंकि मैं इंडिया के खिलाफ अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। दोनों देशों के लोग क्रिकेट को बहुत प्यार करते हैं और वे चाहते हैं कि उनके देश के खिलाड़ी इस मुकाबले में हीरो बने।' बाबर आजम ने कहा, 'सब खिलाड़ी अपना 100 फीसदी देंगे, पूरी टीम अपना 100 फीसदी देगी। हम किसी भी टीम के खिलाफ खेलें, हमारी कोशिश शतप्रतिशत देनी की होनी चाहिए। हम चाहते हैं कि हम यह यह मैच जीतें और अपने फैन्स को खुश करें। क्रिकेट में उतार चढ़ाव होता रहता है और यह क्रिकेट का एक हिस्सा है।'

शोएब मलिक ने कहा, 'हमारे लिए यह एक बहुत ही अच्छा मौका है क्योंकि पूरी दुनिया इस मुकाबले को देख रही होगी। मुझे लगता है कि नए खिलाड़ियों के पास इतिहास रचने और खुद को साबित करने का यह एक अच्छा मौका है। उनके पास सुपर स्टार बनने का इससे बड़ा मौका और कोई नहीं हो सकता।' वहीं, इमाद वसीम ने कहा कि यहएक क्रिकेट गेम है और हम इसे उसी तरह से ले रहे हैं। दबाव को दोनों टीमों पर होगा, लेकिन जो इस दबाव को हैंडल कर लेगा, उसे ही सफलता मिलेगी।' मोहम्मद हफीज ने कहा, 'मैं आईसीसी इवेंटस के अलावा बाइलेटरल सीरीज में भी बहुत बार भारत के खिलाफ खेला हूं। लेकिन मेरा मानना है कि गेम को गेम की तरह ही खेला जाए। हम 2007 टी20 विश्वप कप में भारत के खिलाफ हार गए थे, लेकिन मेरा मानना है कि उस समय हमारी टीम थोड़ी कमजोर टीम थी। लेकिन हमने 2017 चैंपियंस ट्रॉफी में वापसी की और हम भारत को हराने में कामयाब रहे। वह मूमेंट मेरे लिए बहुत ही स्पेशल था।

## महामुकाबले से पहले इरफान पठान ने लिए पाकिस्तान से जमकर मजे, बोले- वो जीते तो दिल टूटेंगे और हम जीते तो टीवी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूएई और ओमान में खेले जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप में रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला शुरू होने में अब बस कुछ ही घंटे बाकी हैं। इस महामुकाबले के शुरू होने से पहले भारत के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने पाकिस्तान टीम के जमकर मजे लिए हैं। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा है कि अगर पाकिस्तान जीता तो भारतीयों के दिल टूटेंगे और अगर भारत जीता तो पाकिस्तानियों के टीवी टूटेंगे। इरफान ने यह बात इसलिए कही है, क्योंकि अक्सर देखा गया है कि जब भी टीम इंडिया ने पाक टीम को किसी वर्ल्ड कप मुकाबले में हराया है, तब-तब पाक फैन्स को अपने टीवी तोड़ते हुए देखा गया है। आज होने वाले मैच में दोनों टीमें लगभग दो साल के बाद एकबार फिर मैदान पर एक दूसरे के खिलाफ उतरेंगी। आईसीसी के वर्ल्ड कप इतिहास में जब भी दोनों



टीमें टकराई हैं, तब-तब हर भारत ने खुद को इक्कीस साबित किया है और जीत हासिल की है। दोनों टीमों के बीच अब तक 12 मुकाबले हुए हैं और यहां हर बार भारत के हाथ बाजी लगी है। विराट की अगुवाई में टीम की कोशिश इस बार भी मैच जीतकर रिकॉर्ड 13-0 करना चाहेगी। बात करें टी-20 वर्ल्ड कप की तो यहां भी टीम इंडिया पाकिस्तान को पटखनी देने में सफल रही है। यानी बाबर आजम की टीम को भारत के खिलाफ इस मुकाबले में फटाफट क्रिकेट के वर्ल्ड कप में पहली जीत की तलाश होगी। टी-20 क्रिकेट में अगर दोनों टीमों के ओवरऑल रिकॉर्ड पर नजर डाले तो भारत-पाकिस्तान के बीच 8 मैच खेले गए हैं और सात में जीत भारतीय टीम के हाथ लगी है, जबकि महज एक बार पाकिस्तान ने मैदान मारा है। पिछले पांच मैचों की बात की जाए तो यहां ऊपर कही बात ही सामने निकलकर आती है।



## 'सेमीफाइनल तक पहुंचना तय, लेकिन खिताब नहीं जीत पाएगी टीम इंडिया', ब्रायन लारा ने की भविष्यवाणी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 विश्व कप 2021 के पहले मैच में आज रात टीम इंडिया को पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करना है। विराट कोहली की अगुवाई में टीम इंडिया को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। लेकिन, वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा ने टीम इंडिया को लेकर चौंकाने वाली भविष्यवाणी की है। लारा के मुताबिक, भारतीय टीम फटाफट क्रिकेट के वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल तक तो पहुंचने में सफल रहेगी, पर खिताब को अपने नाम करने से चूक जाएगी। उन्होंने कहा कि सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल और इशान किशन जैसे बल्लेबाज टीम इंडिया के लिए एक्स फैक्टर साबित हो सकते हैं। स्टार स्पोर्ट्स के साथ बातचीत करते हुए ब्रायन लारा ने कहा, 'यह वर्ल्ड कप भारत के हारने के लिए है। मैं उनको नॉकआउट स्टेज में जाते हुए देख रहा हूं। उसके बाद यह उनके ऊपर है कि वह किस तरह से खुद को आगे लेकर जाते हैं।' वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि केएल राहुल, सूर्यकुमार और इशान किशन के आने से टीम इंडिया का बैटिंग ऑर्डर काफी मजबूत दिख रहा है और यह प्लेयर्स टीम के लिए एक्स फैक्टर हो सकते हैं। राहुल और इशान ने वॉर्मअप मैचों में जबरदस्त प्रदर्शन किया था। राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ 51 और ऑस्ट्रेलया के खिलाफ 39 रनों की पारी खेली थी। वहीं, इशान ने इंग्लिश टीम के गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते हुए 70 रनों की ताबड़तोड़ इनिंग खेली थी।

भारत ने टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले अपने दोनों ही प्रैक्टिस मैच में धमाकेदार प्रदर्शन किया है। इंग्लैंड को 9 विकेट से पटखनी देने के बाद टीम इंडिया ने कंगारू टीम को भी एकतरफा अंदाज में पीटा था। भारतीय टीम को इस बार ग्रुप-2 में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान के साथ रखा गया है, जबकि स्कॉटलैंड और नामीबिया की टीम ने सुपर 12 स्टेज में अपनी जगह बनाई है।

# बांग्लादेश की करीबी हार, लेकिन शाकिब ने पाकिस्तान के अफरीदी को पीछे छोड़ बना डाला बड़ा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश के स्टार आलराउंडर शाकिब अल हसन पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़कर टी20 विश्व कप के इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। शाकिब ने रविवार को आईसीसी टी-20 विश्व कप 2021 के सुपर 12 स्टेज में ग्रुप-1 में रविवार को श्रीलंका के खिलाफ मैच में पथुम निसांका को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। शाकिब ने इस मैच से पहले टी-20 विश्व कप के 28 मैचों में 39 विकेट लिए थे। श्रीलंका ने बांग्लादेश को 5 विकेट से हरा दिया। शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बांग्लादेश ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 171 रन का स्कोर बनाया, जिसे श्रीलंका ने चरिथ असालंका की मैच विनिंग पारी के दम पर 7 गेंद शेष रहते पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। ओमान के खिलाफ नौ रन देकर चार विकेट लेने वाले शाकिब ने पहले निसांका को आउट करके अफरीदी को पीछे छोड़ा और फिर अविष्का फर्नांडो के रूप में अपना 41वां विकेट हासिल किया। अफरीदी ने 34 मैचों में 39 विकेट लिए थे। शाकिब टी20 अंतर्राष्ट्रीय में भी सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। एक्टिव क्रिकेटरों में टी-20 वर्ल्ड कप में अबतक किसी ने भी 30 से ज्यादा विकेट नहीं लिए हैं। वेस्टइंडीज के ऑलराउंड डवेन ब्रावो 25 विकेट के साथ इस लिस्ट में नौवें नंबर पर



है।

शाकिब के नाम इस समय टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड है। ये रिकॉर्ड ने उन्होंने इसी टी-20 वर्ल्ड कप में स्कॉटलैंड के खिलाफ खेले गए मैच में बनाया था। हालांकि बांग्लादेश को उस मैच में छह रन से हार का सामना करना पड़ा था। टी-20 इंटरनेशनल में 100 या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में केवल शाकिब और श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा का ही नाम शामिल है। इन दोनों खिलाड़ियों के बाद सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में न्यूजीलैंड के टिम साउदी, पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी और अफगानिस्तान के राशिद खान का नाम शामिल है। इन तीनों खिलाड़ियों के नाम क्रमशः 99, 98 और 95 विकेट दर्ज हैं।



## हाई वोल्टेज मुकाबले से पहले मोहम्मद कैफ ने भारत और पाकिस्तान के फैन्स को दी खास सलाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 विश्व कप 2021 में सुपर 12 स्टेज के ग्रुप-2 में आज क्रिकेट के दो सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान एक बार फिर से आमने-सामने होने के लिए तैयार है। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले पर तमाम क्रिकेट फैन्स की निगाहें लगी हुई है। इस बीच, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने इस बड़े मुकाबले से पहले दोनों टीमों के फैन्स को एक खास सलाह दी है। भारत के लिए 13 टेस्ट और 100 से ज्यादा वनडे खेलने वाले कैफ ने फैन्स से इस हाई वोल्टेज मुकाबले को एक खेल की तरह लेने का अनुरोध किया है, ना कि इसे एक युद्ध की तरह। कैफ ने मुकाबले वाले दिन ट्विटर पर लिखा, ' इस नर्वस सुबह में, सभी फैन्स के लिए एक छोटी सी सलाह- राजनीति, नफरत और अहंकार को दूर रखकर क्रिकेट देखना हमेशा एक अच्छा विचार है। इस दिन का आनंद लें, अपनी जीत का जशन मनाएं, अपने प्रतिद्वंद्वियों की हार का नहीं। इसे युद्ध नहीं खेल समझिए। भारत बनाम पाकिस्तान। भारतीय कप्तान विराट कोहली का बतौर कप्तान यह आखिरी टी20 टूर्नामेंट है और कोहली इसके बाद कप्तानी से इस्तीफा दे देंगे।

# मैच से पहले किरण मोरे ने लिए जावेद मियांदाद से जमकर मजे, शेयर की पुरानी फोटो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूएई और ओमान में खेले जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप मैच में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला अब से कुछ देर में शुरू होने वाला है। इस मैच से पहले भारत के पूर्व विकेटकीपर और चयनकर्ता किरण मोरे ने पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज जावेद मियांदाद से मजे लिए है। कू ऐप पर मोरे ने एक पुरानी तस्वीर शेयर कर मियांदाद से सवाल पूछा है, जिसे फैन्स काफी पसंद कर रहे हैं। मोरे ने मियांदाद को 1992 वर्ल्ड कप की याद दिला दी है, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच कांटे की टक्कर हुई थी। दरअसल 1992 वर्ल्ड कप में जब भारत की टीम पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेल रही थी तो विकेटकीपर मोरे और मियांदाद के बीच बहस हुई थी। हुआ ये था कि मैच के दौरान मोरे ने सचिन की गेंद पर जावेद मियांदाद के खिलाफ एक जोरदार अपील की थी, जिसे अंपायर ने नकार दिया था। मैच के दौरान भारतीय विकेटकीपर बार-बार आउट की अपील करते रहे थे। ऐसे में मियांदाद को गुस्सा आ गया और मोरे के सामने मेंढ़क जैसी कूदने लगे। उस घटना को आज भी भारत-पाकिस्तान के फैन्स याद करते हैं। ऐसे में अब जब टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच होना है तो पूर्व भारतीय विकेटकीपर ने मियांदाद की कूदने वाली तस्वीर शेयर कर लिखा है, 'जावेद भाई, क्या आप जंप लगाने के लिए तैयार हैं।' भारत और पाकिस्तान मैच से पहले किरण मोरे ने भारतीय प्लेइंग इलेवन को लेकर भी अपनी बात रखी है। अपने द्वारा चुनी गई टीम में मियांदाद ने रोहित शर्मा और केएल राहुल को बतौर ओपनर आज के मैच में उतरने के लिए अपनी सहमति दी है।



## चीन को मिलेगा करारा जवाब सेना के टॉप कमांडर चार दिन तक जम्मू-कश्मीर और एलएसी के हालात की करेंगे समीक्षा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन के साथ बॉर्डर गतिरोध और जम्मू-कश्मीर के मौजूदा हालात और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों समेत देश की सुरक्षा को लेकर सेना के टॉप कमांडर सोमवार से चार दिनों तक सुरक्षा चुनौतियों की समीक्षा करेंगे। चार दिनों तक चलने वाले इस समीक्षा सम्मेलन की शुरुआत सोमवार से दिल्ली में होगी। सैन्य कमांडर पिछले कुछ सप्ताह में जम्मू कश्मीर में आम नागरिकों की हत्या की घटनाओं की पृष्ठभूमि में केंद्रशासित प्रदेश के सुरक्षा हालात पर भी विचार-विमर्श करेंगे।पीटीआई ने अपने सूत्रों के हवाले से बताया है कि अधिकारियों ने बताया कि थल सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे और शीर्ष कमांडर पूर्वी लद्दाख में देश की लड़ाकू तैयारियों की समीक्षा करेंगे जहां भारतीय तथा चीनी सैनिकों के बीच 17 महीने से गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। हालांकि दोनों पक्षों ने टकराव के कई बिंदुओं से सैनिकों की पूरी तरह वापसी कर ली है। उन्होंने कहा कि सैन्य कमांडर अफगानिस्तान पर तालिबान के नियंत्रण के भारत तथा क्षेत्र की सुरक्षा पर संभावित असर पर भी चर्चा कर सकते हैं। सेना ने एक बयान में कहा, '2021 का दूसरा सैन्य कमांडर सम्मेलन 25 से 28 अक्टूबर तक नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। सेना के कमांडरों का यह सम्मेलन साल में दो बार अप्रैल और अक्टूबर में आयोजित किया जाता है।' सेना ने कहा, 'भारतीय सेना का शीर्ष नेतृत्व मौजूदा तथा उभरते सुरक्षा और प्रशासनिक पहलुओं पर मंथन करेगा ताकि सीमा के हालात और कोविड-19 महामारी की चुनौतियों की पृष्ठभूमि में भारतीय सेना की भविष्य की कार्रवाई तय हो सके। इस सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे और वो टॉप कमांडरों के साथ संवाद करेंगे।

### जम्मू में बोले अमित शाह

# 2004 से 2014 तक 2081 लोग मरे, मोदी सरकार में 239 ने गंवाई जान

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर दौरे के दूसरे दिन गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर अमित शाह ने लोगों को संबोधित किया। संबोधन के दौरान अमित शाह पूरे रंग में दिखाई दिए। अमित शाह ने कहा कि कुछ लोग सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं, लेकिन हम यहां ऐसी स्थिति पैदा करना चाहते हैं कि किसी की जान न जाए। शाह ने आगे कहा, धारा 370 हटने के बाद पहली बार आपके यहां आया हूं। ये कहने आया हूं कि अब जम्मू कश्मीर वालों के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा। जम्मू में कई विकास योजनाओं के शिलान्यास के मौके पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा




कि अब जम्मू कश्मीर का विकास होगा और ये प्रदेश देश को आगे ले जाने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अमित शाह ने कहा, कुछ लोग सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे हैं। 2004-14 के बीच 2081 लोगों ने अपनी जान गंवाई। इस लिहाज से प्रति वर्ष 208 लोग मारे गए। 2014 से सितंबर 2021 तक 239 लोगों ने अपनी जान गंवाई। हम संतुष्ट नहीं हैं क्योंकि हम ऐसी स्थिति बनाना चाहते हैं जहां किसी की जान न जाए और आतंकवाद पूरी तरह से समाप्त हो जाए। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि धारा 370 हटने के बाद पहली बार यहां आया हूं और आपसे ये कहने आया हूं कि अब जम्मू कश्मीर वालों के साथ अन्याय खत्म हो चुका है। अमित शाह ने कहा, जम्मू कश्मीर की शांति में खलल डालने वाले कभी कामयाब नहीं होंगे। कहा- 5 अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक निणऱ्य लेते हुए अनुच्छेद 370 और 35 ए खत्म किया। इससे घाटी के लाखों लोगों को वो अधिकार फिर मिले, जो उन्हें संविधान के तहत नहीं मिल पा रहे थे। अब संविधान से सभी अधिकार यहां के लोगों को भी मिल रहे हैं। अमित शाह ने आगे कहा, एक जमाना था जब कश्मीर में गिनती के मेडिकल कॉलेज थे। लेकिन आज मैं आपको बताने आया हूं कि जम्मू कश्मीर में अब सात नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना हो चुकी है। पहले यहां सिर्फ 500 छात्र की एमबीबीएस कर सकते थे लेकिन अब 2000 चात्र यहां एमबीबीएस कर पाएंगे।अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने घाटी के विकास के लिए 55 हजार करोड़ रुपए का पैकेज दिया। आज 33 हजार करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। घाटी में 21 विकास परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। अपने संबोधन में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा कि, मैं उनका नाम नहीं लेना चाहता हूं लेकिन यहां तीन परिवारों ने शासन किया। मैं अपना हिसाब लेकर आया हूं कि क्या देकर जाऊंगा लेकिन उनसे पूछना चाहता हूं कि आपने सात दशकों में क्या किया

## करोड़पति निकला मथुरा का रिक्शा चालक! आयकर ने भेजा साढ़े तीन करोड़ का नोटिस

**मथुरा (एजेंसी)।** क्या आप यकीन करेंगे कि एक व्यक्ति जो रिक्शा चलाकर अपनी गुजर बसर करता हो, उसकी आयकर देनदारी 3.47 करोड़ रुपये है। स्वयं रिक्शा चालक प्रताप सिंह को भी आयकर के नोटिस को देख यकीन नहीं हुआ। रिक्शे वाले के संपर्क करने पर आयकर अधिकारियों को भी जालसाजी का अंदेशा हुआ। फिलहाल थाना हाईवे में मामले की तहरीर दी गई है। इस मामले को बोगस बिल के मास्टरमाइंड की करतूत माना जा रहा है। बैंक में खाता खोलने के इच्छुक प्रताप सिंह ने लगभग ढाई साल पहले अपने घर के पास जन सुविधा केन्द्र पर जाकर पैन के लिए आवेदन किया। केन्द्र संचालक ने कहा कि एक महीने में उसका कार्ड आ जाएगा। लेकिन नहीं आया। रिकार्ड चेक किया तो पता चला कि कोरियर कंपनी ने यह कार्ड संजय सिंह नाम के व्यक्ति साइबर कैफे संचालक को दे दिया है। जबकि कोरियर के नियम के अनुसार यह पैन कार्ड स्वयं धारक या उसके मान्य पते पर ही डिलीवर होना था। रिक्शा




चालक ने चक्कर काटे तो उसको पैन कार्ड का कलर प्रिंट दे दिया गया। रिक्शा चालक इस बात से बेखबर था कि उसके नाम से करोड़ों रुपये के व्यवसाय चल रहे हैं।

जिन शातिरों ने रिक्शा चालक का असली पैन कार्ड उड़ा लिया था। उन्होंने उसके नाम से जीएसटी में पंजीकरण कराया। लगभग 43.44 करोड़ रुपये का टर्नओवर एक ही साल (2018-2019) में कर डाला। आयकर एवं जीएसटी के बीच हुए एमओयू के कारण दोनों विभाग एक दूसरे से डाटा शेयरिंग करते हैं। इसी डाटा शेयरिंग की पड़ताल में आयकर के प्रोजेक्ट इंसाइट के सॉफ्टवेयर को यह केस संदिग्ध लगा। क्योंकि इसमें भारी भरकम टर्नओवर के बावजूद रिटर्न दाखिल नहीं किया जा रहा था। फरवरी 2020 में पैन कार्ड धारक को नोटिस भेज दिया गया। नोटिस दर नोटिस भेजे गए।

## आर्यन खान केसः गवाह के जबरदस्ती सादे कागज पर साइन का एनसीबी ने दिया जवाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आर्यन खान की ड्रग जांच में एक बड़ा मोड़ आया है। भाजपा कार्यकर्ता केपी गोसावी के सहयोगी प्रभाकर सेल ने आरोप लगाया है कि मुंबई ड्रग्स मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा उन्हें एक खाली पंचनामा पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया था। इस मामले में हंगामा होने के बाद एनसीबी ने अपना पक्ष रखा है। एनसीबी का कहना है कि प्रभाकर को अपना हलफनामा सोशल मीडिया पर देने के बजाय कोर्ट में देना चाहिए। क्रूज ड्रग्स केस में आर्यन खान को कोर्ट से जमानत नहीं मिलने पर मनन्त (शाहरुख खान का घर) में सननटा पसरा है। उधर, इस केस में रोज नए खुलासों से एनसीबी मुश्किल में पड़ती जा रही है। भाजपा



कार्यकर्ता केसी गोस्वामी के सहयोगी प्रभाकर सेल ने एनसीबी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सेल का कहना है कि एनसीबी ने मुझे गवाह के तौर पर प्रस्तुत तो किया लेकिन मुझसे जबरदस्ती खाली कागज पर साइन लिए गए। जिस पर महाराष्ट्र सरकार ने एनसीबी की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं।अब इस प्रकरण पर एनसीबी का बयान सामने आया है। एएनआई से बातचीत में एनसीबी के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र के डीडीजी का कहना है, ठएनसीबी के एक अपराध मामले में दवाह प्रभाकर सेल का हलफनामा संज्ञान में आया है।

## सर्वे : कोरोना महामारी में ऑनलाइन टीचिंग मोड से 43 फीसदी टीचर नाखुश, 9 फीसदी ने जताया पूर्णतः असंतोष

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना महामारी ने किसी न किसी तरह सभी को नुकसान पहुंचाया है, लेकिन इससे सबसे अधिक नुकसान बच्चों की पढ़ाई का हुआ है। इस बात को बच्चे, अभिभावक और टीचर सभी मानते हैं। एक सर्वे में करीब 43 फीसदी टीचरों ने कहा है कि वे कोरोना महामारी के दौरान ऑनलाइन टीचिंग से संतुष्ट नहीं हैं, जबकि उनमें से नौ फीसदी ने शिक्षा के इस माध्यम से पूर्णतः असंतोष जताया है।

दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) के प्रथम जर्नल -'चिल्ड्रेन फर्स्टः जर्नल ऑन चिल्ड्रेंस लाइव्स' में प्रकाशित एक ऑनलाइन सर्वे में कुल 220 स्कूली शिक्षकों ने हिस्सा लिया।ज्यादातर टीचर्स (43



फीसदी) ने कहा कि वे लोग ऑनलाइन टीचिंग कराने से संतुष्ट नहीं हैं और नौ फीसदी टीचर्स इस माध्यम से कहीं से भी खुश नहीं थे। टीचर्स ने जिन मुख्य मुद्दों की पहचान की है, उनमें महामारी के चलते ऑनलाइन टीचिंग होने पर छात्रों की अनुपस्थिति (14 प्रतिशत), विशेष जरूरत वाले बच्चों (21 प्रतिशत) पर विचार नहीं करना, छात्रों पर ध्यान देने की अवधि का कम होना (28 प्रतिशत), छात्रों द्वारा भावनात्मक मुद्दे प्रकट करना (19 प्रतिशत) और छात्रों द्वारा असाइनमेंट पूरा नहीं करना शामिल है। सर्वे में भाग लेने वाले टीचर्स और छात्रों ने यह भी कहा कि ऑनलाइन भावनात्मक सहयोग और काउंसलर का सामूहिक रूप से बातचीत करना तथा समाज कार्य ने बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा में कहीं अधिक सहभागी बनाने में मदद की।

टीचर्स ने जोर देते हुए कहा कि स्कूली शिक्षा में अभिभावकों की भागीदारी आवश्यक हो गई है क्योंकि तभी जाकर बच्चों तक उनकी नियमित पहुंच होगी और वे इस अवधि के दौरान सीधे तौर पर शामिल हो सकते हैं। सर्वे के मुताबिक, पढ़ाई में भाग लेने वाले छात्रों ने कहा कि वे दोस्तों से मिलने व लोगों से बातचीत करने आदि जैसी कई स्कूली गतिविधियों से वंचित रह गए।



## चुनाव से पहले भाजपा को तगड़ा झटका, ब्लांक प्रमुख समेत कई नेता सपा में शामिल

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष रविवार को बस्ती से ब्लाक प्रमुख बहादुरपुर राम कुमार अपने सैकड़ों साथियों के साथ भाजपा छोड़कर सपा की सदस्यता ग्रहण की। समाजवादी पार्टी की नीतियों व अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था जताते हुए रायबरेली के भाजपा नेता व पूर्व विधायक शिव गणेश लोधी के पुत्र राहुल लोधी के साथ रामऔतार, अजय कुमार शुक्ला, उमाशंकर लोधी, राजेश कुमार त्रिपाठी साथियों सहित सपा में शामिल हुए। रायबरेली स्थित न्यू स्टैंर्डउ ग्रुप ऑफ स्कूल के प्रबंधक डा. शशिकांत शर्मा अपने समर्थकों डा. अरुण चौधरी, डा. एसके पांडेय, डा. नीरज सिंह, शीला सिंह, अजीत चौधरी कननैजिया, मो. असद, अमरजीत सिंह के साथ सपा में शामिल हुए। राहुल विश्वकर्मा सदस्य जिला पंचायत महराजगंज बसपा छोड़ शामिल हुए।

## प्रधानमंत्री कल प्रदेश को देंगे 9 नए मेडिकल कॉलेज

**सिद्धार्थनगर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को सिद्धार्थनगर से सिद्धार्थनगर मेडिकल कॉलेज समेत सूबे के नौ मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश में एमबीबीएस की 900 सीटें बढ़ जाएंगी। प्रधानमंत्री करीब एक घंटा जिले में रहेंगे। इसके बाद वाराणसी रवाना हो जाएंगे। उनके दौरे को देखते हुए नेपाल बॉर्डर तक सख्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सिद्धार्थनगर पहुंचकर प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियों की समीक्षा की। रविवार को सुबह 10:30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बुद्ध भूमि पर आगमन प्रस्तावित है। यहां पहले वह मेडिकल कॉलेज के थ्रीडी मॉडल प्लान का निरीक्षण करेंगे। स्वागत कार्यक्रम के बाद प्रदेश के नौ मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करेंगे। पूर्वाह्न 10:55 से 11:30 बजे तक प्रधानमंत्री बीएसए ग्राउंड पर जनसभा को संभोवित करेंगे। इसके बाद वाराणसी रवाना हो जाएंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री



डॉ. मनसुख मांडविया, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व प्रदेश के मंत्री मौजूद रहेंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को सिद्धार्थनगर मेडिकल कॉलेज का मौके पर और देवरिया, एटा, हरदोई, गाजीपुर, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, फतेहपुर और जौनपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इन नए मेडिकल कॉलेजों के उद्घाटन के बाद एमबीबीएस की 900 सीटें बढ़ जाएंगी। इसी सत्र से यहां पढ़ाई भी शुरू हो जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जिले में पहुंचकर प्रधानमंत्री दौरे की तैयारियों का जायजा लिया। सीएम ने मंच व पंडाल की व्यवस्थाएं देखीं। पीएम को जिले की महत्वपूर्ण विशेषता बताने के लिए गैलरी में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। डीएम से सिद्धार्थनगर के अलावा आठ अन्य जिलों में बने मेडिकल कॉलेज के लोकार्पण की ऑनलाइन कन्वेक्टिवटी की जानकारी हासिल की। सिद्धार्थनगर मेडिकल कॉलेज को केंद्र में रखकर व्यू कटर थ्रीडी मॉडल को सीएम ने देखा। व्यवस्थाओं से संतुष्ट होने के बाद बेहद सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस लाइंस सभागार में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि एसपीजी-सुरक्षाकमिर्यों के साथ समन्वय बनाकर सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद रखें। पार्किंग स्थलों पर लाउडस्पीकर की व्यवस्था रखें ताकि व्यवस्था टूटने ने पाए। कार्यक्रम में पहुंचने वालों को घर तक पहुंचाने की चिंता जिला प्रशासन जरूर कर ले।



## चुनाव से पहले मुलायम सिंह यादव को क्यों आई मैनपुरी की याद, केन्द्र सरकार तक को लिख दिया

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी (सपा) संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मैनपुरी में खाद की कमी के सिलसिले में केंद्र सरकार को पत्र लिखा है। यादव ने केंद्रीय उर्वरक मंत्री मनसुख राम मांडविया को 21 अक्टूबर को लिखे पत्र में कहा कि उनके संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मैनपुरी में डीएपी और एनपीके उर्वरक की व्यापक कमी होने के कारण आलू और सरसों की खेती प्रभावित हो रही है जिससे किसानों के सामने भयंकर कठिनाई उत्पनन्न हो गई है। उन्होंने पत्र में कहा कि जिले के किसानों की इस समस्या के मद्देनजर मैनपुरी में कम से कम दो रैक डीएपी और एनपीके खाद उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है। यादव ने केंद्रीय उर्वरक मंत्री से अनुरोध किया कि मैनपुरी को नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड कंपनी से दो रैक डीएपी और एनपीके उर्वरक जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाए ताकि किसानों को उचित दाम पर खाद मिल सके।

## पाकिस्तान ने यूएस पर लगाया सीपीईसी को नुकसान पहुंचाने का आरोप, भारत को भी घसीटा

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे...ये कहावत इन दिनों पाकिस्तान पर सटीक बैठती है। विदेशी कर्ज में डूबे पाकिस्तान में चल रही चीन



की महत्वाकांक्षी परियोजना सीपीईसी का काम धीमा पड़ गया है और अब हर बार की तरह ही पाकिस्तान ने इसमें भी भारत को कोसने का एंगल खोज निकाला है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा यानी सीपीईसी अथॉरिटी के चीफ ने कहा है कि भारत के समर्थन से अमेरिका अरबों डॉलर की सीपीईसी परियोजना को नुकसान पहुंचाना चाहता है। परियोजना को पाकिस्तान की आर्थिक जीवनरेखा करार दिया गया है। महत्वाकांक्षी सीपीईसी परियोजना 2015 में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पाकिस्तान यात्रा के दौरान शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य पश्चिमी चीन को सड़कों, रेलवे, और बुनियादी ढांचे एवं विकास की अन्य परियोजनाओं के नेटवर्क के माध्यम से दक्षिण-पश्चिम पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से जोड़ना है। सीपीईसी मामलों पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के विशेष सहायक खालिद मंसूर ने शनिवार को कराची में सीपीईसी शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ङ्कउभरती हुई भू-रणनीतिक स्थिति के दृष्टिकोण से एक बात साफ है कि भारत समर्थित अमेरिका सीपीईसी का विरोधी है। वह इसे सफल नहीं होने देगा। इसे लेकर हमें एक रुख तय करना होगा। सीपीईसी चीन की बेल्ट एंड रोड पहल (बीआरआई) का हिस्सा है। बीआरआई के तहत चीन सरकार करीब 70 देशों में भारी निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत द्वारा पाकिस्तान को चीन के बीआरआई से ठबाहर रखने के लिए चालें चली जा रही हैं।


**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं. UPHIN 2001/9025


## पाकिस्तान में जंगल के लिए जंग, गोलीबारी में 10 की मौत, कबीलों की लड़ाई में रॉकेट लॉन्चर का भी इस्तेमाल

**पेशावर (एजेंसी)।** पश्चिमोत्तर पाकिस्तान के कबायली इलाके में जंगल की जमीन पर कब्जे को लेकर दो प्रतिद्वंद्वी गुटों में हुई गोलीबारी में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 घायल हुए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झड़प शनिवार को दोपहर बाद तब शुरू हुई जब सूबे की राजधानी पेशावर से 251 किलोमीटर दूर खुर्रम जिले के तेरी मेगल गांव के रहने वाले गैदू कबीले के लोगों ने गांव में जलावन की लकड़ी चुन रहे पेवार कबीले के सदस्यों पर गोलियां चला दी। अधिकारियों ने बताया कि खुर्रम जिले के ऊपरी सबडिविजन में जंगल पर मालिकाना हक को लेकर दोनों कबीलों के बीच गत कुछ महीनों से तनाव चल रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, "चार लोगों की मौत शनिवार को हुई जबकि छह अन्य लोगों की मौत आज (रविवार) तब हुई जब पेवार कबीले के लोगों ने जवाबी हमला किया। बंदूकधारियों ने खाई में छिपकर हमला किया। इस दौरान भारी हथियार और यहां तक रॉकेट लांचर का इस्तेमाल दोनों पक्षों द्वारा किया गया।गौरतलब है कि पश्चिमोत्तर पाकिस्तान स्थित खुर्रम जिला पड़ोसी अफगानिस्तान से लगता है जहां पर अपराध में बंदूकों का इस्तेमाल और आतंकवादी हमले अकसर होते रहते हैं। उन्होंने बताया कि कबीलों के बुजुर्ग और सरकारी अधिकारी गैदू और पेवार कबीले में समझौता कराने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों को इलाके में भेजा गया है। खबर लिखे जाने तक दोनों कबीलों में संघर्ष चल रहा था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

## काम के बदले गेहूं, भुखमरी और बेरोजगारी से लड़ने के लिए तालिबान की नई स्कीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तालिबान की ओर से अफगानिस्तान पर कब्जा करने के उसके सामने सबसे बेरोजगारी सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। भूखमरी और बेरोजगारी से निपटने के लिए तालिबानी सरकार ने एक कार्यक्रम की शुरुआत की है, जिसमें हजारों लोगों को उनकी मेहनत के बदले गेंहूं की पेशकश की गई है। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने दक्षिणी काबुल में मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह योजना अफगानिस्तान के प्रमुख कस्बों और शहरों के आसपास शुरू की जाएगी और अकेले राजधानी में 40,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा, बेरोजगारी से लड़ने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। मजदूरों को जोड़ने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

अफगानिस्तान, जो कि पहले



से ही गरीबी, सूखे, बिजली के ब्लैकआउट और एक असफल आर्थिक प्रणाली से जूझ रहा है। अब उसको कड़ाके की ठंड का भी सामना करना पड़ रहा है। तालिबान की काम के बदले भोजन योजना उन मजदूरों को भुगतान नहीं करेगी, जो वर्तमान में बेरोजगार हैं और सर्दियों के दौरान भुखमरी का सबसे अधिक खतरा है।दो महीने के कार्यक्रम में राजधानी में 11,600 टन गेहूं वितरित किया जाएगा, जिसमें हेरात, जलालाबाद, कंधार, मजार-ए-शरीफ और पोल-ए-खोमरी सहित देश में अन्य जगहों के लिए लगभग 55,000 टन गेहूं वितरित किया जाएगा। इस योजना की शुरुआत मुजाहिद और कृषि मंत्री अब्दुल रहमान राशिद और काबुल के मेयर हमदुल्ला नोमानी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने कर भी दी है।